शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 15, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 10 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत रत्न की बयार...केंद्र ने किया ऐलान

### भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा: चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न



**नई दिल्ली**
पीएम मोदी ने शुक्रवार को बड़ा एलान किया है। एक ही दिन में देश की तीन हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलेगा।

**चरण सिंह की प्रतिबद्धता से देश प्रेरित**
मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने ये भी लिखा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

**नरसिम्हा राव ने की देश सेवा**
पीएम ने अपनी अगली पोस्ट में लिखा कि नरसिम्हा राव ने एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में विभिन्न क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की। पीएम ने ये भी लिखा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों के लिए याद किया जाएगा। उनके कार्यकाल में भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया गया था, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

**हरित क्रांति के जनक को भी भारत रत्न**
देश में हरित क्रांति के जनक कहने जाने वाले एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया है। पीएम ने पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है।

उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए।

## पीएम मोदी ने आसान की भाजपा की राजनीतिक राह

**देश को नई दिशा में देने वाले अलग-अलग** क्षेत्रों के विभूतियों को सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की राजनीतिक राह भी आसान की है। कर्पूरी ठाकुर को सम्मानित करने के तत्काल बाद नीतीश कुमार के राजग में आना और चौधरी चरण सिंह को सम्मानित करने के बाद जयंत चौधरी का 'दिल जीत लिया' के बयान से यह साबित भी हो गया है। इससे



बिहार में अति पिछड़े वर्ग के साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में जाट वोटों को साधने में मदद मिल सकती है। इसी तरह से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदुत्व को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाने वाले लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देकरउन्होंने अपने कोर वोट बैंक को साधने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है।

## विभूतियों को सम्मान भी, भाजपा की राह आसान भी

**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के ठीक पहले देश के पांच विभूतियों को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री मोदी ने एक ओर देश के लिए उनके योगदान को सम्मान दिया है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के राजनीतिक आधार को भी बड़ा कर दिया है। दक्षिण भारत से आने वाले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कृषि क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर उत्तर-दक्षिण का विवाद खड़ा करने वाले नेताओं को भी करारा जवाब दिया है तो चौधरी चरण सिंह को यह सम्मान देकर किसानों का दिल जीत लिया। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत रत्न के सहारे सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के साथ सबका सम्मान को भी स्थापित करने की कोशिश की है। ऐसा नहीं है कि आम जनता कपूर्री ठाकुर, लालकृष्ण आडवाणी, नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन के योगदान को नहीं जानती हो, लेकिन देश और समाज में उनके योगदान को स्वीकार करते हुए उन्हें सम्मानित करने का काम पहली बार किया गया।




**प्रणव मुखर्जी को भी हो चुका है सर्वोच्च सम्मान**
राजनीति की संकीर्ण सीमाओं को तोड़ते हुए समाजवादी नेता कपूर्री ठाकुर, सोशलिस्ट पार्टी के नेता चौधरी चरण सिंह और कांग्रेस के नेता नरसिम्हा राव को सम्मानित किया गया। इसके पहले कांग्रेस के ही प्रणव मुखर्जी को भी भारत रत्न दिया जा चुका है। सम्मान को राजनीतिक सीमाओं से परे करने की मोदी सरकार की कोशिश पद्म पुरस्कारों में भी देखने को मिली है। जहां मुलायम सिंह यादव, तरुण गोगोई, एसएम कृष्णा, गुलाम नबी आजाद जैसे विरोधी पार्टियों के नेताओं को भी पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। देश को नई दिशा में देने वाले अलग-अलग क्षेत्रों के विभूतियों को सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की राजनीतिक राह भी आसान की है।

## नए वोटर नामांकन में आधार नंबर की मांग के खिलाफ दायर अवमानना याचिका खारिज

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने नए वोटर के नामांकन के लिए आधार नंबर मांगने पर निर्वाचन आयोग के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि वह इस मामले को देख रहे हैं ऐसे में इस मामले पर फिलहाल कार्रवाई करने का कोई औचित्य नहीं लगता। याचिका तेलंगाना कांग्रेस के नेता जी. निरंजन ने दायर किया था। बता दें कि 21 सितंबर 2023 को निर्वाचन आयोग ने कहा था कि वोटर लिस्ट में नाम डालने के लिए आधार नंबर अनिवार्य नहीं है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वो इसके लिए फॉर्म में यथोचित बदलाव करेगा। सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सुकुमार पटजोशी ने कहा था कि वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 और फॉर्म 6बी के तहत आधार नंबर देना अनिवार्य नहीं है। पटजोशी ने कहा था कि रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स अमेंडमेंट रुल्स 2022 के रुल 26बी के तहत वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आधार नंबर से लिंक करना अनिवार्य नहीं है, ये ऐच्छिक है। इसके लिए निर्वाचन आयोग फॉर्म 6 और 6बी में बदलाव करेगा ताकि ये साफ हो सके कि आधार नंबर अनिवार्य नहीं है। पटजोशी ने कहा था कि 66 करोड़ 23 लाख के करीब आधार नंबर वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए अपलोड करवाए जा चुके हैं।

## गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की दीवार गिरने के बाद जागा डीएमआरसी प्रबंधन

**नई दिल्ली**
गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की दीवार गिरने से गुरुवार को एक शख्स की मौत हो गई थी। अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक डॉ विकास कुमार ने इस पूरी घटना पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मीटिंग की है। मीटिंग के बाद मेट्रो की तरफ से बताया गया कि प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि पिंक लाइन की सभी एलिवेटेड स्टेशनों पर पिंक लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। यदि किसी स्टेशन पर किसी सुधार या मरम्मत की आवश्यकता है, तो उसके लिए पहले एक विशेष मैथड तैयार किया जाएगा।

## स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस ड्रोन दृष्टि-10 यूएवी ने पहली उड़ान भरी

**नई दिल्ली**
देश के पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) ड्रोन दृष्टि-10 ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना के लिए पहली उड़ान भरी। यह यूएवी पिछले माह नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार को सौंपा गया था। भारतीय नौसेना और सेना ने 2-2 दृष्टि-10 यूएवी विमानों का ऑर्डर दिया है। भारत में इसका निर्माण अडाणी डिफेंस ने इजराइली एल्बिट ग्रुप के लाइसेंस पर किया है और इसका 20 फीसदी हिस्सा पहले ही इजराइल को निर्यात किया जा चुका है। भारतीय बलों के लिए निगरानी और टोही को बढ़ावा देने में



आज का दिन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूएवी का निर्माण अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में समुद्री निगरानी क्षमता बढ़ाने के लिए किया है। रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट हर्मीस 900 स्टारलाइनर उर्फ दृष्टि-10 ने आज भारतीय नौसेना के लिए अपनी पहली उड़ान भरी। यह 70 फीसदी स्वदेशी है, जो भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दशार्ता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर 36 घंटे की उड़ान और 450 किलोग्राम का पेलोड ले जाने की क्षमता के साथ यह ड्रोन खुफिया, निगरानी और टोही मिशनों के लिए उपयोगी है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बताया कि अत्याधुनिक सेंसर, उन्नत सहनशक्ति, उन्नत संचार क्षमताओं के साथ-साथ स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग (एटीओएल) जैसी नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ नौसेना की इंटेलिजेंस, निगरानी और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

## 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना: सीएम योगी

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। देशवासी इसके शौर्य व पराक्रम को न केवल जानते हैं, बल्कि अटूट विश्वास भी करते हैं। भारतीय सेना का स्वर्णिम इतिहास रहा है। हमारे सैनिकों ने युद्ध काल व शांतिकाल में देश की रक्षा व सेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों



पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है।

उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में कहीं। सीएम ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। भारतीय सेना के अदम्य साहस के गौरवशाली क्षण को देख सीएम भी अभिभूत हो गए। सीएम ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी।

**वीरभूमि है उत्तर प्रदेश**
सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश वीरभूमि है। यह महान क्रांतिकारी मंगल पांडेय, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, शहीद चंद्रशेखर आजाद, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, वीर हमीद की भूमि है।

## सुप्रीम कोर्ट उम्रकैद की सजा अवधि पर सुनवाई करने को तैयार, दिल्ली सरकार को नोटिस



**नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने उम्र**कैद की सजा का मतलब जीवन भर या उससे कम के सवाल पर सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया।

यह याचिका सीरियल किलर चंद्रकांत झा ने दायर की है। चंद्रकांत झा 2003 से लेकर 2007 तक छह हत्याओं का दोषी है।

चंद्रकांत झा पर आरोप था कि वो तिहाड़ जेल के बाहर सिरकटी लाशें फेंककर पुलिस को पकड़ने की चुनौती देता था। इस मामले में चंद्रकांत झा को ट्रायल कोर्ट से उम्रकैद की सजा मिली है। उम्रकैद की सजा पर मुहर लगाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि चंद्रकांत झा को वास्तविक मौत होने तक हिरासत में रखा जाए। चंद्रकांत झा की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मौत की सजा या उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। विधायिका ने धारा 302 के प्रावधान में कोई संशोधन नहीं किया है या कहा है कि उम्रकैद का मतलब वास्तविक मौत तक कैद। ऐसे में वास्तविक मौत होने तक हिरासत में रखने का आदेश गैरकानूनी है।

## राहुल गांधी के बयान पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का जबाव, जाति की अधिसूचना 25 जुलाई, 1994 हुई थी जारी

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जाति पर राहुल गांधी के सवाल पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जवाब दिया है कि मोढ घांची जाति को पिछड़ी जाति (ओबीसी) में शामिल करने की अधिसूचना 25 जुलाई, 1994 को गुजरात सरकार द्वारा जारी की गई थी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मोढ घांची जाति 91



(ए) पर मंडल सूची में है। मोढ घांची जाति को ओबीसी की राज्य सूची में शामिल करने की अधिसूचना 25 जुलाई, 1994 को गुजरात सरकार द्वारा जारी की गई थी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने गुजरात राज्य के लिए ओबीसी की केंद्रीय सूची में मोढ-घांची को शामिल करने के लिए 15 नवंबर, 1997 को केंद्र सरकार को सलाह दी और इसके लिए राजपत्र अधिसूचना 27 अक्टूबर, 1999 को जारी की गई थी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 के अनुसार किसी भी जाति को ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सलाह आमतौर पर केंद्र सरकार के लिए बाध्यकारी थी।

## वीवीपैट की नये सिरे से डिजाइन की मांग पर मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनवाई

**नई दिल्ली**
ईवीएम से वोटिंग के दौरान वीवीपैट को नए सिरे से डिजाइन करने की मांग पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि ईवीएम को लेकर आखिर कितनी याचिकाएं दाखिल होंगी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर मार्च के तीसरे हफ्ते में सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हर बार एक नया संदेह जताते हुए याचिका दाखिल हो रही है। याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और दूसरे याचिकाकताओं ने दायर की है। याचिका में वोट देने वालों को उनके द्वारा दिए गए वोट की पुष्टि कराए जाने की मांग की गई है। दरअसल, मौजूदा व्यवस्था के मुताबिक वोट देने वाला वीवीपैट मशीन पर यह देख सकता है कि उसने जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है।

## परीक्षाओं में गड़बड़ियों की रोकथाम से जुड़े विधेयक को संसद के दोनों सदनों से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली**
सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों की रोकथाम के लिए लाए गए विधेयक को शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई। विधेयक को लोकसभा पहले ही पारित कर चुकी है और आज यह राज्यसभा से भी पारित हो गया।

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राज्यसभा में लोक परीक्षा विधेयक चर्चा के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य युवाओं को समान अवसर प्रदान करना और समयबद्ध तरीके से चयन की प्रक्रिया को पूरा करना है। डॉ. सिंह ने कहा कि 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद मोदी सरकार ने युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रयास



किया। रोजगार की प्रक्रिया को सीधा और सरल किया गया है।

लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक-2024 का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है। इसमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से परीक्षा पश्न पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं। विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा। विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। परीक्षा से जुड़ी सेवाएं देने वालों पर करोड़ रुपये तक का जुमार्ना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने और चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है। संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है। संगठित अपराध में शामिल संस्थान की संपत्ति कुर्क हो सकती है।

# कार ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, दो चचेरे भाईयों की दर्दनाक मौत

## फूलपुर थाना क्षेत्र के बौड़ई गांव के सामने हुआ हादसा



हादसे के बाद मृतक के शवों को पीएम के लिए भेजती पुलिस व मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** एक ही बाइक से घर वापस जा रहे युवकों को तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो चचेरे भाईयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सरायममरेज थाना क्षेत्र के नासिर पट्टी गांव के रहने वाले लवकुश भारतीया 19 पुत्र लालजी अपने चचेरे भाई आकाश 22 पुत्र श्याम बहादुर व पड़ोसी युवक राज 21 पुत्र फूलचंद के साथ शुक्रवार को किसी काम से फूलपुर गया था। दोपहर करीब बारह बजे तीनों एक ही अपाचे बाइक से घर वापस लौट रहे थे। अभी तीनों फूलपुर -प्रतापपुर मार्ग पर बौड़ई गांव के सामने पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार लवकुश भारतीया और आकाश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीसरे युवक राज को गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कार चालक कार समेत भागने में सफल रहा। घटना स्थल पर जुटे ग्रामीणों ने बताया की मौके पर कार का नंबर प्लेट घटना स्थल पर ही टूटकर गिर गया था। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर मय फोर्स पहुंचे फूलपुर इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उनकी उपस्थिति में मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के माता-पिता के साथ ही अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



हादसे का शिकार हुए मृतक चचेरे भाइयों की फाइल फोटो

### मृतक युवक स्नातक व व्यवसायिक शिक्षा के थे छात्र

दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया की हादसे में अपनी जान गवाने वाले दोनों चचेरे भाईयों में एक बीए का छात्र था तो दूसरा आइटीआई कर रहा था। मृतक छात्र आकाश व लवकुश दोनों ही अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।

# बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**झूंसी।** सहसो अंदाव मार्ग पर गुरुवार की रात सड़क पार कर रहे अधेड़ को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। आनन फानन में उसे पास के एक अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मलावा बुजुर्ग गांव निवासी दीपचंद भारतीय 50 सामान लेने मलावा बाजार गया था। सहसो की ओर से आती तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसको गंभीर चोट आई। मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई और पास के अस्पताल ले गई जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया।

# मुर्गीफार्म मे कार्यरत मजदूर की मौत मालिक की भी हालत नाजुक



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नीमी गांव निवासी विनोद कुमार गुप्ता उम्र लगभग 35 जो अपने नीमी गांव मे ही मुर्गीफार्म खोल रखा है। मुर्गीफार्म मे मुर्गी को चरा पानी व देखभाल के लिए एक मजदूर रखा था। शुक्रवार दोपहर मुर्गीफार्म के मलिक विनोद कुमार और मजदूर मुर्गीफार्म मे थे।लेकिन अचानक मालिक और मजदूर की तबियत खराब होने लगी। जानकरी मिलने पर घर वाले तुरंत मुर्गीफार्म पर पहुँचे और देखा की मुर्गीफार्म के मालिक विनोद कुमार व मजदूर की तबियत खराब देख तुरंत हॉस्पिटल लेकर गये लेकिन हॉस्पिटल तक पहुंचते पहुंचते मजदूर की मौत हो चुकी थी। और मुर्गीफार्म के मालिक विनोद कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है। जिनका इलाज एक निजी अस्पताल मे चल रहा है।सूचना पाकर उतरांव पुलिस व हंडिया एसीपी मौके पर पहुँचे और आवश्यक कार्रवाही कर शव को मेडिकल प्रशिक्षण के लिए भेज दिया वही लोगो से जानकरी मिली की मजदूर मुसहर का नाम बिसरजन उम्र लगभग 40 पुत्र बरसातीलाल ग्राम दात्तेपुर थाना सरायममरेज निवासी है। लोगो द्वारा कहाँ जा रहा है की मुर्गीफार्म पर जहरीली गैस निकलने की वजह से मौत हो सकती है। लेकिन जांच के लिए फारेंसिक टीम भी सेम्पल लेकर जांच कर रहीं है।

# अराजकतत्वों के आतंक एवं सरेआम की जा रही गुंडई से क्रेशर प्लांट मालिक व कर्मचारी परेशान

**शिकायत के बाद भी स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग न मिलने से प्लांट मालिकानों में है भारी आक्रोश**

**जबरन रंगदारी के लिए मनबढ़ अपराधी एवं गुर्गों का प्लांटों में आज भी है दहशत कर्मचारी भयभीत**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** कथित अराजकतत्वों की अराजकता एवं गुंडई के चलते भटौती स्थित क्रेशर प्लांट कर्मचारियों के साथ जहां जबरन रंगदारी वसूलने को लेकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है वहीं आए दिन प्लांट पर हो रहे उत्पात तथा प्लांट बंद करा देने वाले अपराधियों से प्लांट मालिक भी काफी परेशान हो गए हैं किन्तु प्रतिमाह महीना लेने वाले स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा शिकायत के बाद भी अराजक तत्वों के विरूद्ध कोई ठोस एक्शन नहीं नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण मलिकानों में भारी आक्रोश कायम है।

उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील के भटौती पहाड़ी पर वर्तमान समय में लगभग पचासों की संख्या में मानक के अनुरूप बैध क्रेशर प्लांट संचालित हैं जिनसे स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त है। बताया जाता है कि भटौती गांव के ही कुछ कथित अपराधी किस्म के अराजक तत्व आए दिन जबरन रंगदारी वसूलने को लेकर क्रेशर प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया करते हैं। कर्चारियों के मुताबिक बताया तो यह भी जाता है कि रंगदारी न देने पर प्लांट में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए जबरन प्लांट बंद करा दिया जाता है। गौरतलब है कि इन्हीं क्रेशर प्लांटों में जीएसआरएम और भाग्य लक्ष्मी प्रा लि ऐसे प्लांट हैं जहां बीते एक सप्ताह पूर्व कई अराजक तत्वों के साथ कथित अपराधी हनुमान प्रसाद पटेल कर्मचारियों के साथ जबरन रंगदारी को लेकर पहले मारपीट किया फिर प्लांट के अंदर अपने सहयोगियों के संग जमकर उत्पात मचाते हुए प्लांट प्लांट बंद करवा दिया और यह धमकी दिया कि बिना रंगदारी दिए प्लांट चला तो इन प्लांटों में काम करने वाले मैनेजरों की गोली मार कर हत्या कर देंगे। बताया जाता है कि अराजक तत्वों के आतंक एवं सरेआम गुंडई से डरे सहमे उक्त दोनों प्लांटों में कार्यरत मैनेजरों ने प्लांट में हुई वारदात के बावट मालिकानों को जानकारी दिया तत्पश्चात आनन फानन में उक्त कंपनी के मालिकानों द्वारा एसडीएम मेजा व थाना मेजा में वारदात के दूसरे दिन शिकायत कि गई।

आश्चर्य की बात है कि क्रेशर प्लांट मालिकानों से प्रतिमाह महीना के तौर पर मोटी रकम लेने वाले जिम्मेदारों द्वारा आज तक उक्त अराजक तत्वों के विरूद्ध कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिसके कारण मनबढ़ अपराधी और उसके गुर्गों द्वारा जहां आज भी रंगदारी को लेकर कर्मचारियों को धमकाया जा रहा है वहीं पुलिस और प्रशासनिक सहयोग न मिलने से प्लांट मालिकानों में भी जबरदस्त आक्रोश कायम है।

# सोशल आडिट टीम कर रही अवैध धन वसूली

**ब्लॉक कोरांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में काफी समय से चल रहा यह कार्यक्रम**

**कोरांव।** ग्राम पंचायातों को इस समय कई विभाग के लोग जांच और ऑडिट के नाम पर तथा मनमानी डिमांड पूरी न करने पर रिकवरी की हवा पानी बना कर परेशान किए जाने का सिलसिला अब आम हो गया है। चर्चा है कि कोराव ब्लॉक में स्थित कई ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट टीम मनमानी कमीशन लेने का काम कर रही हैं और जो नहीं देता उक्त ग्राम पंचायतों के खिलाफ रिकीवरी की रिपोर्ट किए जाने की धमकियां दी जाती हैं। लोगों का कहना है कि ऐसे ऐसे लोग टीम में शामिल किये गए हैं जिन्हे ऑडिट कार्य का अनुभव ही नहीं है। कई ग्राम प्रधानों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विकास कार्य के हिसाब से सुविधा शुल्क ली जा रही है। जो अनुचित है और जिलाधिकारी प्रयाग राज का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

**अखिल भारतीय ग्राम**

प्रधान संगठन के कई ग्राम प्रधानों ने सोशल ऑडिट टीम पर उक्त मनमानी कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। और कहा जा रहा है कि ग्राम पंचायतों को बिलकुल लोग चारागाह समझ बैठे हैं। ऑडिट टीम में लगे लोग ज्यादातर जानकारी ऑडिट कार्य की तो नहीं जानते किंतु कमिशन लेना जरूर जानते है। चर्चा है कि कई ग्राम पंचायतों से टीम ने मनमानी वसूली की है। जिसकी शिकायत प्रधान संगठन के लोग डीएम से मिल कर करेंगें। यह भी चर्चा है जहां उचित कार्य हुए हैं वहां भी मनमानी वसूली की गई और की जा रही है। इस संबंध में मनरेगा एपीओ ब्लॉक कोरांव से पूंछा गया तो उत्तर दिया कि इस तरह यदि वसूली की जा रही तो अनुचित है। लोग सही कार्य करें गांव का विकास करें,यदि दबाव बनाए कोई अनुचित धन मांगें तो बिलकुल गलत है।

## न्यूज झरोखा

### मौनी अमावस्या पर बारा में खिचड़ी भोज




**बारा।** तहसील मुख्यालय पर मौनी अमावस्या के दिन सार्वजनिक रूप से खिचड़ी वितरित की गई। बारा चौराहे पर युवाओं ने गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं एवम क्षेत्रवासियों को खिचड़ी खिलाई। भक्तिमय गीतों से बारा चौराहा गुंजायमान रहा। इस अवसर पर माँ शारदा राइस मिल के संयोजक पंकज केसरवानी, सुभाष चन्द्र शुक्ला, सुमन्त भार्गव, अमृतेश केसरवानी, नीरज केसरवानी, आशीष केसरी, शिवाकांत शर्मा, नीरज केसरी, शिवकेश शर्मा, सत्यम मिश्रा गोलू, बाबूराम द्विवेदी, मोहित केसरवानी, अम्बुज केसरवानी, छोटू चौहान, गजेन्द्र पाण्डेय, विष्णु दत्त, राकेश मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिक्षक की असामयिक निधन से शिक्षकों एवं कार्यकताओं में शोक



**सहसों।** क्षेत्र के घरहरा चकिया गांव निवासी शिक्षक विंध्यवासिनी मिश्र लगभग 45 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश मिश्र का असामयिक निधन हो जाने से शिक्षकों सहित लोगों में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार शिक्षक विंध्यवासिनी मिश्र का एक जनवरी को रामनगर बाजार में मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका इलाज हुआ और स्वस्थ होकर घर आए। परंतु इलाज चल ही रहा था लेकिन गुरुवार को सायंकाल अचानक तबियत बिगड़ी और उसी समय वह अंतिम सांस ली। वह पिछले कई वर्षों से बच्चों के बीच एक जिम्मेदार शिक्षण का कार्य कर रहे थे। वर्तमान समय में वह गुलालपुर स्थित पंडित शालिग्राम दयाराम शास्त्री इंटरमीडिएट कॉलेज में बच्चों को ज्ञानार्जन करा रहे थे। वह सामाजिक सरोकार के साथ राजनीति में दिलचस्पी लेते हुए भाजपा मंडल सहसों के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया। वह अपने पीछे अपनी पत्नी वंदना मिश्रा एवं पांच बच्चों का भरा पूरा परिवार छोड़ा है। उनके निधन से क्षेत्र के शिक्षकों एवं भाजपा कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सात्वना देते ढांढस बंधाया। इस मौके पर लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, आशुतोष तिवारी एवं प्रमोद कुमार मिश्रा, शिक्षक संजीव कुमार मिश्रा, भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, तेज प्रताप सिंह, राजधर द्विवेदी, अनुज कुमार मिश्रा, अनिल मिश्रा पवन शुक्ला सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ इलाज के दौरान कई मरीजों के ले चुके हैं जान



**कौंधियारा।** ग्रामीण अंचल में इन दोनों झोलाछाप डॉक्टरों की ऐसी भरमार हो गई है की कई झोलाछाप डॉक्टर तो अपने आप को बड़े से बड़ा डॉक्टर बताने से भी पीछे नहीं रहे हैं। अगर देखा जाए तो हाई स्कूल व बीएं पास कुछ लोग बड़े-बड़े अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं और अस्पताल के बोर्ड पर शहर के जाने-माने डॉक्टरों के नाम लिखकर के ग्रामीण क्षेत्र में बीमार होने वाले गरीबों का यह इलाज करते हुए देखे जा रहे हैं। ये झोलाछाप डॉक्टर हर बीमारी को गारंटी के साथ इलाज करने का दावा करते हैं। जबकि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के अस्पताल जारी, नारीबारी, गौहनिया, कौंधियारा क्षेत्र में बहुतायत में संचालित हो रहे हैं। जबकि अंतर्राज्यीय सीमा से सटे होने के कारण नारीबारी क्षेत्र में कई ऐसे अस्पताल संचालित हैं जिनमें मध्य प्रदेश से आने वाले मरीजों का इलाज करते हैं। जिनके पास किसी प्रकार की डिग्री ही नहीं है। जबकि इलाज के दौरान कई मरीजों की जान भी यह चिकित्सा ले चुके हैं। जबकि जारी के रहने वाले लाला राम के द्वारा बताया गया कि जारी बाजार में संचालित झोरा छाप डाक्टरों के अस्पताल में इलाज कराने के लिए अगर कोई मरीज पहुंच गया तो फिर उस मरीज के परिजनों से यह डॉक्टर इलाज के लिए इतने पैसे मांगते हैं कि मरीज के परिजन अपना घर व खेत तक बेचने के लिए मजबूर हो जाते है। वही नारीबारी के रहने वाले रामेश्वर प्रसाद के द्वारा बताया गया कि चौकठा व नारीबारी कस्बे में ही झोलाछाप डॉक्टर अपना अस्पताल संचालित कर रहे हैं और वह क्षेत्र के गरीब लोगों को अपने चंगुल में फंसा कर इलाज के नाम पर मनमाने पैसे वसूलते हैं। जबकि इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित अस्पतालों का आज तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज के द्वारा जांच तक नहीं कराई गई। वहीं कई लोगों के द्वारा इस बात की शिकायत भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज से की जा चुकी है।



# भाजपा पदाधिकारियों ने गांव में प्रवास कर पत्रक देते बताई सरकार की उपलब्धियां

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक दृष्टिकोण से गांव चलो अभियान कार्यक्रम चलाकर पार्टी पदाधिकारी द्वारा हर मंडलों हर बूथों पर रात्रि प्रवास कर मतदाताओं के हांथ पत्रक देते हुए सरकार की उपलब्धियां एवं सरकार की देश व प्रदेश के विकास के बारे में उसकी रीति नीति को बताया जा रहा है। भाजपा मंडल सहसों के शक्ति केंद्र बेरुई के रामनगर में बूथ संख्या 177 पर प्रवासी प्रभारी जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी और ग्राम सभा बेरुई में बूथ संख्या 178 एवं 179 पर मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज ने 24 घंटे का रात्रि प्रवास कर संगठन द्वारा निर्दिष्ट कार्य करते हुए हर मतदाताओं के हाथ में पत्रक देते हुए प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ आमजन के हित में देश व प्रदेश के विकास में किए गए कार्यों को एवं उनकी उपलब्धियों को बताते हुए 24 घंटे जनता के बीच रहकर रात्रि प्रवास किया। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक अनीता सरोज, बूथ अध्यक्ष मुकुंद लाल पटेल रामनगर और बूथ अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह एवं पुन्नवासी लाल पटेल बेरूई सहित सभी बूथ व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# दंडी स्वामी स्कूल गुनई गहरपुर में आयोजित दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह का हुआ समापन

## खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास - शेखर बहगुणा




**मेजा।** शुक्रवार को महाराज श्री दण्डी स्वामी केशवाश्रम उ०मा० विद्यालय गुनई गहरपुर में आयोजित दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह का समापन हो गया। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के सदस्य शेखर बहुगुणा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह से सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर होते रहना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। आज के दौर में बच्चों को संस्कारिक शिक्षा देने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों व शिक्षकों की मनमोहक प्रस्तुति के लिए उत्साह वर्धन किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का विद्यालय के प्रबन्धक अशोक द्विवेदी द्वारा माल्यार्पण कर और बच्चों द्वारा स्वागत गीत से स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, शिवतांडव नृत्य, केशरी के लाल नृत्य, धरती माता करे पुकार, पुलवामा अटैक , झॉसी की रानी आदि नाटक का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य विवेक सिंह ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय की प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शेषमणि शुक्ला और संचालन हास्य कवि अशोक बेशरम व प्रधान अनिल शुक्ल ने किया। अंत में संयोजक अतुल द्विवेदी ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कृष्ण चन्द्र शुक्ल, निर्मल चन्द्र शुक्ल, वीरेन्द्र तिवारी, बाबा तिवारी, प्रेम शंकर शुक्ल, जंगी लाल गुप्ता , रूप नारायण मिश्र,कमलेश मिश्र, संजय तिवारी, पंकज तिवारी, नितेश तिवारी, राजेन्द्र मिश्र, देवकर पाण्डेय, राकेश द्विवेदी, योगेन्द्र प्रताप सिंह, रामजी यादव, राजेन्द्र पाल, राजेन्द्र यादव, अर्पित यादव, उमा शंकर तिवारी सहित समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे।

# रहस्यमय ढंग से दलित किशोरी का शव घर में मिला



**ग्रामीणों ने बताया कि आशनाई में किशोरी ने उठाया घातक कदम**

**रातभर घर पर रखा रहा शव शुक्रवार को सुबह बहरिया रास्ते से दफनाने हेतु ले जाते समय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**मऊआइमा।** गुरूवार को देर रात प्रेमी युगल के पकडे जाने के बाद किशोरी का शव घर में मिला। रातभर पुलिस को सूचना न देकर शुक्रवार को एम एल सी ने डीसीपी गंगानगर को दी जिसपर मऊआइमा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हटिया भवानीगढ में एक दलित परिवार की पन्द्रह वर्षीय किशोरी का ग्राम तिलईबाजार के एक युवक से इश्क चल रहा था। गुरूवार को देर रात दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।। ग्रामीणों ने बताया कि प्रेमी को पीटे जाने के बाद छोड़ दिया गया।बाद में किशोरी का शव संदिग्ध हालात में घर के कमरे में मिला। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी का पिता सूरत में रहता है जबकि उसकी माता मयके गयी हुई थी। बताया गया है मृतका तीन बहनों में एक बडे भाई से एक बहन से छोटी थी। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी के मौत की खबर किसी को नहीं दी गई। शुक्रवार सुबह जब परिजन एंव ग्रामीण शव का अन्तिम संस्कार करने बहरिया के रास्ते फाफामऊ ले जा रहे थे तो एम एल सी निर्मला पासवान ने मऊआइमा थाने को सूचना देने की कोशिश कि परन्तु फोन नहीं उठा तो निर्मला पासवान ने डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय को दी। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने बहरिया के ग्राम हेता पट्टी से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । उक्त घटना को लेकर ग्रामीणों में तमाम प्रकार का चर्चा बना हुआ है।कि किशोरी ने कैसे जान दी? यह एक रहस्य बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतका के पिता गुजरात सूरज में रोजी रोटी के सिलसिले में रहते हैं जबकि दो चाचा हैं।वह दामोदरपुर घीनपुर में रहते हैं।उनका घर आना जाना लगा रहता है । ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को दूसरे पहर किशोरी के परिजन बीमारी से मौत का कारण बताने लगे। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि किशोरी पेट की बीमारी से पीड़ित थी।इस कारण उसकी मौत हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि यह बात मृतका के परिजनों ने भी लिख कर दिया है।तब सवाल उठता है कि पोस्टमार्टम क्यों कराया जा रहा है।

# एंटी रोमियो टीम ने स्कूली छात्राओं को किया जागरूक

**मऊआइमा।** मऊआइमा की एंटी रोमियो टीम की महिला कांस्टेबल पूनम वर्मा,उपनिरीक्षक हरिशंकर, कांस्टेबल शिव कांत, कांस्टेबल कप्तान, अभिषेक, राम करन ने मऊआइमा के बांकाजलालपुर के.एल.मौर्य पब्लिक स्कूल की बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए जरुरी बातें बताई। जिसमे वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 की जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल व कालेज आने जाने में होने वाली परेशानी बेझिझक इन नंबरों पर फोन करें। त्वरित निदान किया जाएगा। इस मौके प्रधानाचार्य विनीत कुमार मौर्य, दिलीप कुमार, सुरेश कुमार, कन्नहैया लाल, नौसाद, सन्तोष कुमार,आकिब, रेखा मौर्य, संजू, सोनाली , अर्चना आदि सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायालय परिसर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दुकानों की नीलामी 23 फरवरी को

**प्रयागराज।** डॉ0 दिनेश चन्द्र शुक्ल, अध्यक्ष नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश एम0पी0/एम0एल0ए0 प्रयागराज ने बताया है कि जनपद न्यायालय परिसर में अवस्थित चाय/मिठाई की दुकान, फल, जूस की दुकान एवं फोटो स्टेट की दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 04:30 बजे 24 न्याय भवन में प्रथम तल पर अवस्थित विशेष न्यायाधीश एम0पी0/एम0एल0ए0 के न्याय कक्ष में होगी। उन्होंने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय में केन्द्रीय नजारत से दुकान नीलामी विवरण एवं नीलामी शर्ते प्राप्त कर सकते है।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में रोजगार मेला का आयोजन 12 फरवरी को

**प्रयागराज।** प्रभाकर त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, प्रयागराज ने बताया है कि मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, प्रयागराज में दिनांक 12.02.2024 को प्रातः 10:30 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री जी वर्चुअली वीडियोंकान्फ्रेंस के माध्यम से नव चयनित अभ्यथिंयों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग, भारत सरकार डॉ0 महेन्द्र नाथ पाण्डेय जी की उपस्थिति होगी।

# नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में भूगोल की परीक्षा 13, 15 फरवरी को

**जंघई।** भूगोल विषय की बीए प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में 13 फरवरी को लिखित एवं 15 फरवरी को मौखिक परीक्षा होगी जिसमें भूगोल विषय के समस्त छात्र, छात्राओं का पहुंचना अनिवार्य है। यह जानकारी भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार तिवारी ने दिया है।





# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## प्रशासन का दावा 6:00 बजे तक तकरीबन 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, पूजनीय संतो व श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को मौनी अमावस्या स्नान पर्व के पावन अवसर पर शाम 6:00 बजे तक लगभग 2 करोड़ 18 लाख स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम तट तथा गंगा जी के तट पर बनाये गये विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगायी एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में पूजनीय संतों व श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी। माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सफाई कर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगायी गयी है। माघ मेला क्षेत्र में अपने स्वजनों से बिछड़ने वाले लोगो के लिए खोया-पाया केन्द्र से लगातार एनाउंस कर उनके स्वजनों से उन्हें मिलाया गया। श्रद्धालुओं को मेले में भटकना न पड़े, इसके लिए संगम जाने का मार्ग वापस लौटने का मार्ग व अन्य मार्गों को प्रदर्शित करते हुए साइन बोर्ड रास्तों पर लगाये गये है। माघ मेला क्षेत्र में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। एडीजी जोन भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक प्रेम कुमार गौतम, कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, अपर जिलाधिकारी मेला विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मौनी अमावस्या के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। मौनी अमावस्या का स्नान पर्व सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।

### वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला क्षेत्र व स्नान घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रह कर व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा



# पुलिस, पीएसी व आरएएफ का पहरा एटीएस कमांडो ने भी संभाला मोर्चा

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर पूरे माघ मेला क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। यहां पुलिस, पीएसी व आरएएफ के साथ ही एटीएस के कमांडो भी मुस्तैद कर दिए गए हैं। एंटी सबाटोज चेक टीम और डॉग स्क्वॉयड के साथ आला अफसर लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। मौनी अमावस्या पर थल व जल के साथ नभ से भी निगरानी की तैयारी है। जमीन पर सीसीटीवी कैमरों, जल में जल पुलिस के जवानों व नभ में ड्रोन से निगरानी की जा रही है ।मेले में पुलिस के 2500 जवानों व अफसरों के साथ ही पीएसी की 10 कंपनियां भी लगातार कैंप कर रही हैं। मेला क्षेत्र के बाहरी व भीतरी सुरक्षा घेरे में इन्हें मिश्रित रूप में तैनात किया गया है। उधर बृहस्पतिवार को आरएएफ की दो कंपनियों ने भी मोर्चा संभाल लिया। इन दो कंपनियों में से एक को संगम नोज जबकि दूसरी को काली सड़क के एंट्री प्वाइंट पर तैनात किया गया है ।उधर आतंकवाद निरोधक दस्ते के कमांडो भी मेला क्षेत्र में मुस्तैद हो गए हैं। यह विशेष रूप से प्रशिक्षित व अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जवान हैं जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं। एटीएस की दो टीमें मेला क्षेत्र में तैनात हैं जिनके जवानों को संगम नोज समेत तमाम संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। एटीएस की टीम में स्नाइपर भी शामिल हैं जिन्हें संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। यह गड़बड़ी फैलाने वालों पर खास नजर रखेंगे।

**जल, थल और नभ से की जा रही निगरानीः** अफसरों का कहना है कि मौनी अमावस्या पर जल,थल व नभ तीनों से मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। जमीन यानी थल पर सीसीटीवी कैमरों व मैनअुल सर्विलांस जबकि नदी में जल पुलिस,एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी फ्लड कंपनी के जरिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जा रही है। इसके अलावा आसमान में ड्रोन के जरिए भी मेला क्षेत्र की निगरानी की ज रही है ।डीआईजी माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सुरक्षा संबंधी तैयारियां पूरी हैं। पुलिस अफसरों को लगातार अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सजगता बरतने को निर्देशित किया गया है। एएस चेक टीमें व डॉग स्क्वॉयड संग पूरे मेला क्षेत्र की चेकिंग को एक दिन पहले ही ऑपरेशन स्वीप चलाया जा चुका है। एंटी क्राइम टीम के साथ ही एंटी रोमियो टीम को भी तैनात किया गया है।

**45 गाड़ियों में यूपी 112 के 250 जवान भी मुस्तैद :** मेले में आपात स्थिति में श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों की त्वरित मदद के लिए भी व्यवस्था की गई है। यूपी 112 की कुल 45 गाड़ियों में 250 जवानों को पूरे मेला क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर तैनात किया गया है। यह जवान एक कॉल पर संबंधित की मदद के लिए पहुंचेंगे।

# नैनी क्षेत्र में प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही तैनात

### मौनी अमावस्या के मौके पर मेला क्षेत्र में उतरी एसपीओ टीम सीटी बजाकर किया रुट डायवर्ट





**नैनी।** नैनी अरैल माघ मेला में मौनी अमावस्या स्नान महापर्व पर शुक्रवार को गंगा, यमुना, सरस्वती के संगम में करोड़ों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई ।सभी घाटों पर भारी भीड़ रही। दो दिन पहले से ही प्रदेश और देश के कोने-कोने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में संगमनगरी पहुंचने लगे थे। शहर के विभिन्न चौराहे से लेकर संगम तट तक सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। सूरक्षा व्यवस्था ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। वहीं पुलिस उपायुक्त यमुनानगर उपजिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं नैनी थाना प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के निर्देश पर मेला में आयें हुए भक्तजनों श्रद्धालुओं को सहायता एवं भीड़ को नियंत्रित करने हेतु व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पुलिस मित्र के रूप में यमुनानगर जोन अंतर्गत अरैल सोमेश्वर महादेव घाट पर प्रशासन के साथ ड्यूटी लगाई गई। ड्यूटी पर एसपीओ टीम के जवानों ने सुबह 8 बजे से नैनी नये यमुना पुल सीटी बजाकर यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने में लगे रहे ।एसपीओ टीम के मेला प्रभारी रामजी जायसवाल टीम के सदस्यों को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए अरैल घाट सेल्फी प्वाइंट एवं वीआईपी घाट पर तैनात कर-के विशेष जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आए। विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के इस कार्य को देखकर मौके पर मौजूद प्रशासन ने टीम का सराहना करते हुए टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए बताया कि उनकी टीम नैनी कोतवाली अंतर्गत प्रशासन के दिशा निर्देश पर पिछले कई वर्षो से माघ मेला को संपन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाते हुए चली आ रही है और आगे भी प्रशासन के निर्देश पर एसपीओ टीम अपनी सेवा प्रदान करने में मौजूद रहेगी। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मेला प्रभारी रामजी जायसवाल सहा थाना प्रभारी मनीष विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल समीर खान संदीप विश्वकर्मा विवेक पाल सोनू भारतीया तौसीफ खान दिनेश कुमार सोनकर रमाशंकर प्रदीप कुमार शुशील शर्मा विशाल जायसवाल रिंकु केसरवानी दीपक कुमार दिनेश चन्द्र सुरेंद्र गुप्ता अलीम खान अंकित राजु पंकज मलिक शुभम प्रजापति रामजी गौड़ संजीव वर्मा अश्विनी शर्मा आदि रहे।

## रायबरेली के युवक ने झूंसी में लगाई फाँसी

**झूंसी।** रायबरेली के रहने वाले अमित मिश्रा ने झूंसी के पुरेसुरदास में किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रायबरेली के बछरावां थाना क्षेत्र के नाथीपुर निवासी अमित मिश्रा पूरे सूरदास गांव में किराए के कमरे में रहता था। घर से कुछ दूर पर दुकान ले रखा था जिसमें स्टेशनरी की दुकान चलाता था। उसकी पत्नी नीतू दुकान के बगल में ही ब्यूटी पार्लर की दुकान चला रही थी। दोनों की शादी एक साल पूर्व हुई थी। शुक्रवार की रात किसी बात से परेशान अमित मिश्रा कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पंखे के चूल्हे से फांसी पर लटक गया। पत्नी नीतू जब वापस आई अंदर से दरवाजा बंद था। कई बार आवाज देने पर भी अंदर से कोई आवाज नही आई। तब तक पड़ोसी भी आ गए किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर गई तो अमित फंदे पर लटका था। पड़ोसियों की ममद से उसे फंदे से नीचे उतारा गया तब तक उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## न्यूज झरोखा




### अरैल माघ मेला क्षेत्र में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के शिविर में भव्य भंडारा का आयोजन





**नैनी।** नैनी अरैल माघ मेला क्षेत्र में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के शिविर में भव्य कचौड़ी सब्जी का भंडारा अमावस्या के पावन पर्व पर चलाया गया। जिसमें दूर दराज से आए हुए स्नानार्थियों एवं यात्रियों को इस आस्था के पर्व पर मां गंगा का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संतोष तिवारी (अध्यक्ष) कुंवर जी तिवारी (प्रबंधक/सचिव), सुनील मिश्रा, धीरज यादव सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, सुनील कुशवाहा, शुभेंदु घोष, महेश प्रसाद केसरवानी, आत्म प्रकाश यादव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, संदीप केसरवानी, डां प्रमोद मिश्रा, ए.के.चौबे, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, आत्म प्रकाश यादव, विनोद गुरानी, सौरभ यादव, सनी यादव, उज्जवल यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी संस्था के सदस्य गढ़ मौजूद थे।

### अमावस्या पर्व पर गुरु चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं को चाय बिस्किट किए वितरित





**करछना।** प्रयागराज माघ मेला मौनी अमावस्या पर्व पर गुरु चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्री सोमेश्वर नाथ महादेव, अरैल मार्ग स्थित त्रिवेणी गौ संत सेवा समिति में कैम्प लगाकर मेले में आए स्नानार्थियों को चाय बिस्कुट वितरण किया गया। समाजसेवी व उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ (प्रड्डमड्ड) के अध्यक्ष अजितेश तिवारी ने बताया कि आस्था के इस मेले में रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने और दर्शन-पूजन करने के लिए आते हैं माघ के महीने को स्नान-दान और तप के लिए बहुत महत्वपूर्ण महीना माना गया है। इसलिए गुरु चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले 9 वर्षों से मेला क्षेत्र में खिचड़ी प्रसाद चाय बिस्कुट आदि वितरण किया जाता है। इस मौके पर पूनम तिवारी, मनोज ओझा, निखिल शर्मा, अंजनि तिवारी, केशरी द्विवेदी, सौरभ पाण्डेय, पप्पू सिंह, अजय पाण्डेय, शिवम तिवारी, धीरेंद्र जी, गणेश द्विवेदी, विवेक शुक्ल, सीताराम शुक्ल, अमित मिश्र, यशस्वी, वेदांगी, वैष्णवी, ईशिता, किट्टू, सुशीला, अनिल त्रिपाठी, रानी, ध्रुव त्रिपाठी, मनोज, मनोजा, सरिता शुक्ला, गायक प्रियांशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# अतिथि देवो भव के तहत संगम की रेती पर सैकड़ों श्रद्धालुओं को पहनाया गया अंग वस्त्र



**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर्व पर रामजन्म सिंह सेवा समिति ट्रस्ट के प्रांगण में छपरा बिहार से आए हुए सैकड़ो श्रद्धालुओं को अतिथि देवो भव के तहत संगम की रेती पर प्रयागराज महानगर के मेयर गणेश केसरवानी ने राणा यशवंत प्रताप सिंह के नेतृत्व में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में छपरा से आए हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया ।प्रयागराज महानगर के मेयर गणेश केसरवानी ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन गंगा,यमुना व अदृश्य सरस्वती में देवता भी विराजमान होते हैं और अमृत रस की बरसात होती है अमावस के दिन ही यहां अमृत रस पड़ा था यह माघ मेला 2025 का रिहल्सल है 2025 के महा कुंभ में एक अलग पहचान होगी । साथ ही प्रयागराज महानगर के मेयर ने कहा बिहार के भाजपा नेता राणा यशवंत प्रताप सिंह ने 2019 के कुंभ मेला से 2024 तक अविराम रूप से आज तक तीन हजार से ऊपर बिहार एवं छपरा के लोगों को अपने शिविर में ठहराकर संगम स्नान करवाने का पुनीत कार्य किया हैबिहार वासियों के साथ ट्रायल महाकुंभ 2024 के माध्यम से आगामी 2025 के महाकुंभ का योगी मॉडल पर चर्चा भी किया गया। बिहार भाजपा के नेता एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राणा यशवंत प्रताप सिंह ने कहा बिहार एवं विशेषकर छपरा के लोगों का यहां संगम स्नान कराने के पुण्य के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का योगी मॉडल दिखाने का प्रयास किया जा रहा है और यह बताने का प्रयास है कि जहां पर भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार है वहां सनातन संस्कृति का दृश्य अद्भुत होने के साथ-साथ विकसित प्रदेश की परिकल्पना जमीन पर साकार होती हुई दिखती हैं । इस मौके पर छपरा से रामजी सिंह, धर्मेंद्र चौहान जिला प्रवक्ता भाजपा, रविंद्र सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे ।

# किन्नर अखाड़े में आग लगने से 3 झुलसे

## माघ मेले में बना है किन्नर अखाड़ा, 6 तंबू जलकर राख, भागकर बचाए लोगों ने अपनी जान



**प्रयागराज।** माघ मेले में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। किन्नर अखाड़े में आज शुक्रवार को भोर में आग लग गई। अंदर सो रहे लोगों ने शिविर से भागकर जान बचाई। आग की चपेट में आने तीन लोग झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए तत्काल एम्बुलेंस से स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भेजा गया है। वही सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंच गई और फिर जाकर आग पर काबू पाया गया। वही लोगो का कहना है कि तकरीबन 2.15 के आस पास शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बताई जा रही है।

### इसके पहले भी तीन शिविरों में लग चुकी है आग

प्रयागराज के माघ मेले में इस बार इसके पहले भी तीन शिविरों में आग लग चुकी है। कहीं शॉर्ट सर्किट से तो कहीं पुआल में आग लगने से तंबू आदि जल गए। पिछले माघ मेले में तो एक शिविर में आग लगने से एक श्रद्धालु बुरी तरह झुलस गया था उसे भी एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। इस बार भी लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

# ज्ञानवापी को लेकर प्रतापगढ़ भी एलर्ट, शहर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



नगर में फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** न्यायालय के आदेश पर ज्ञानवापी मंदिर में हो रही पूजा अर्चना के विरोध में पूरे प्रदेश में एलर्ट घोषित कर दिया गया है। आज शुक्रवार को जुमे की नमाज के समय जहां मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात रही, वहीं जेल रोड व बेगम वार्ड में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

शहर कोतवाल आनंद पाल सिंह अपनी पूरी फोर्स के साथ पैदल मार्च करते देखे गये। जिला प्रशासन की इस पर भी निगाह है कि कोई अफवाह न फैलाई जाए। वैसे तो पूरे प्रदेश के सभी जिलों को एलर्ट किया गया है, फिर भी अयोध्या के आसपास के जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के आदेश हैं। इसी के तहत आज पुलिस प्रतापगढ़ में एलर्ट रही। वैसे इसे संयोग ही कहा जाएगा कि आज प्रयागराग जोन के आईजी प्रतापगढ़ में ही हैं। यद्यपि कि प्रतापगढ़ शहर सामप्रदायिक सौहार्द के लिये जाना जाता है। यहां कभी किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। यहां हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई सभी एक साथ उठते बैठते हैं। इस सौहार्द परम्परा को बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है।

## ज्ञानवापी मामले को लेकर जुमे की नमाज पर अलर्ट रही खाकी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वाराणसी की ज्ञानवापी में कोर्ट द्वारा पूजा पाठ करने का फैसला सुनाने के बाद से यहां तहसील लालगंज इलाके में भी पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। मस्जिदों पर शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस फोर्स अलर्ट मोड में दिखी। एहतियातन लालगंज कस्बा समेत खानापटटी, खालसा सादात, रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, जलेसरगंज, सांगीपुर, सगरा सुंदरपुर, बाबूगंज आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों के बाहर नमाज के दौरान पुलिस फोर्स सतर्कता बरतते नजर आये। वहीं जुमे की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर इलाके में पुलिस की गश्ती भी बनी दिखी। एसडीएम लालधर यादव, सीओ रामसूरत सोनकर, कोतवाल अवन दीक्षित, लीलापुर एसओ नीरज यादव, सांगीपुर एसओ विवेक मिश्र, उदयपुर थानाध्यक्ष राधेबाबू शांति सुरक्षा को लेकर इलाके में भ्रमण करते दिखे। एसडीएम व सीओ ने बताया कि जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी। इलाके में शान्ति बनी हुई है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक गंभीर, प्रयागराज रेफर

## आक्रोशित लोगों ने गायघाट रोड पर लगाया जाम

### पुलिस के समझाने-बुझाने पर शांत हुआ मामला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** साइकिल से शहर के पंजाबी मार्केट में दुकान पर काम करने आ रहे एक 18 वर्षीय नवयुवक को पुष्पांजलि आंवला उद्योग के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह लहूलुहान हो गया। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने वहां जाम लगा दिया, जिससे गायघाट रोड जाम हो गया। गंभीर हालत में घायल युवक को उपचार के लिये प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। इससे आक्रोश और बढ़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को कन्ट्रोल में करने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे। लगभग एक घंटे तक चली अफरातफरी के बाद एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, शहर कोतवाल आनंद पाल सिंह सहित भारी फोर्स वहां पहुंची। काफी समझाने-बुझाने के बाद वहां जाम समाप्त हुआ, तब गायघाट रोड का रास्ता साफ हो पाया।



दुर्घटना में घायल युवक शानवर।

घटना के बारे में बताया जाता है कि छत्ता का पुरवा निवासी रियासत अली का 18 वर्षीय पुत्र शानवर साइकिल से आज शुक्रवार को प्रातः दस बजे शहर आ रहा था। वह पंजाबी मार्केट की दुकान पर काम करता है। इसी बीच एक तेज रफ्तार में आई ट्रक ने शानवर को टक्कर मार दिया जिससे वह साइकिल से गिर गया। घटना लगभग दस बजे की थी। दुर्घटना होते ही भारी भीड़ व रास्ते की भीड़ से भयंकर जाम लगा। घटना की सूचना पर शहर कोतवाल अपनी फोर्स के साथ पहुंचे लेकिन वहां आक्रोशित लोगों ने पुलिस की बात नहीं मानी। एडीएम के आने पर उन्होंने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना करने वाली ट्रक को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की छानबीन की जा रही है। घायल युवक की हालत प्रयागराज में गंभीर बनी हुई है।

# मां भवानी कप क्रिक्रेट टूनार्मेंट फाइनल टीम मे नटोही प्रयागराज बनी बिजेता टीम

### उप बिजेता टीम कराहिया रही

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मां भवानी कप क्रिक्रेट टूनार्मेंट के 15 वां फाइनल मैच मे गुरुवार को नटोही प्रयागराज की टीम विजेता बनी। उप बिजेता टीम कराहिया रही। इस फाइनल मैच मे पूरे प्रदेश की 32 टीम ने भाग लिया जिसमे क्रिक्रेट खिलाड़ियों ने रोमांचक खेल खेलकर लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर लिया।



विजेता टीम को ट्राफी देते नवाबगंज पुलिस इंस्पेक्टर।

मौसम खराब होने पर चार दिनों तक खेल को रोक दिया। 20 जनवरी 24 से खेल शुरू हुआ जो 8 फरवरी को फाइनल मैच के साथ समाप्त हुआ। खेल का समापन होने पर टूनार्मेंट के आयोजक मनोज कुमार ओझा अध्यक्ष माता प्रसाद तिवारी दिवाकर तिवारी ने मुख्य अतिथि कोतवाली नवाबगंज इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह से विजेता टीम नटोही प्रयागराज को 51 हजार रुपया व ट्राफी तथा उपविजेता कराहिया टीम को 31 हजार रुपया उपहार भेंट किया और कहा कि खेल कूद को लक्ष्य मानकर खेला जाय तो सफलता मिलती है। खेलकूद में हार जीत कोई मायना नहीं रखता। इस मौके पर बाबागज विधायक बिनोद सरोज के प्रतिनिधि रूप मे सुभम त्रिपाठी भदरी, सचिन पांडे, शेष नारायन पांडे, कपिल तिवारी, सोनू पांडेय, श्रीधर ओझा, टिंकू पांडेय, जाहिल अली, आनंद तिवारी, विनोद कुमार ओझा व ग्राम प्रधान राकेश सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 14 फरवरी तक अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करें

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं को अवगत कराया है कि जनपद के ऐसे कृषक जिनके द्वारा सोलर पम्पों हेतु आवेदन किया गया था एवं टोकन कन्फर्म करने के पश्चात अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करने की अन्तिम अतिथि 25 जनवरी एवं 05 फरवरी थी किन्तु कतिपय कृषकों द्वारा अवशेष कृषक अंश की धनराशि किन्हीं कारणवश नहीं जमा कर पाये थे ऐसे कृषकों को पुनः 07 फरवरी को टोकन कन्फर्म कर दिया गया है एवं अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि 14 फरवरी 2024 है जिनको पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर मैसेज प्रेषित किया गया है। उन्होने सभी कृषक बन्धुओं से कहा है कि 14 फरवरी तक अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करें जिससे सोलर पम्प का लाभ मिल सके।

### बांस काटने के विवाद में मिली जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की भूमि पर लगे बांस को काटकर पड़ोसी उठा ले गए। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने जान से मार देने की धमकी दिया। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गई मांग की है। पट्टी कोतवाली इलाके के शोभवा गांव के रहने वाले विजय कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसके पूर्वजों के जमाने से आबादी की भूमि पर वह कब्जा दखल था। जिस पर बांस की कोठ और ढेर सारे पेड़ लगे हुए हैं। बृहस्पतिवार की सुबह पड़ोसियों ने उसकी बास की कोठ को काट रहे थे। जब इसकी जानकारी हुई तो वह मना करने के लिए गया उक्त लोगों ने जान से मार देने की धमकी देते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# रोजगार मेले में नियोक्ता कम्पनियों द्वारा 154 प्रशिक्षणार्थियों का किया गया चयन

## प्रशिक्षण संस्थान पुरवासी बिहार में आयोजित हुआ रोजगार मेला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आई0टी0आई0 एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित कराने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निदेर्शानुसार विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला बी0एन0 स्मारक निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पुरवासी बिहार में आयोजित किया गया।




रोजगार मेले में मौजूद अतिथिगण व प्रशिक्षणार्थिगण।

वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत सदस्य बिहार बबलू सिंह द्वारा किया गया। रोजगार मेला में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के लगभग 185 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 172 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया तथा नियोक्ता कम्पनी टाटा मोटर्स, कॉसमॉस ग्रुप, मिंडा, गुडविल, ब्राइट फ्यूचर, गुडविल द्वारा लगभग 154 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगार/स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ने रोजगार मेला में चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें दी और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित है। इस योजना के माध्यम से समाज के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपनी आजीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न टेज्डों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार उपलब्ध करा रही है तथा रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है।

इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई बी0बी0 सिंह ने बताया कि योजना के माध्यम से युवाओं को विभिन्न टेज्डों में प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। उन्होने कहा कि प्रशिक्षणार्थी धैय, मेहनत व ईमानदारी के साथ काम करते हुये अनुभव प्राप्त करने के बाद नियोक्ता उन्हें परिवार का हिस्सा मानते हुये उन्हें बेहतर लाभ तथा उनके परिवार व बच्चे को शिक्षित माहौल भी उपलब्ध कराता है। संभव है कि शुरू में उसे वहां चुनौतियों का सामना करना पड़े परन्तु 3-4 माह बाद वो चुनौतियां नगण्य होकर बेहतर जीवन यापन अभ्यर्थी को मिलता है। तत्पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम आयोजन में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य बी0एन0 स्मारक डिग्री कालेज व समस्त स्टाफ तथा प्रशिक्षण प्रदाता व नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पट्टी के दीपक वर्मा एक्सीलेंट लीडरशिप अवार्ड से हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंप्यूटर के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने तथा कंप्यूटर शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन शाखा पट्टी के डायरेक्टर दीपक वर्मा को राजस्थान के कोटा शहर में एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके सम्मान प्राप्त करने पर उनके चाहने वालों में जहां खुशी का माहौल देखा गया वहीं पट्टी के कई लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दिया है। पट्टी नगर में राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन के डायरेक्टर दीपक वर्मा पिछले सत्रह वर्षो से कंप्यूटर के क्षेत्र में लगातार लोगों को शिक्षित और प्रशिक्षित कर रहे हैं। वही वह कंप्यूटर के महत्व को प्रकट करते हुए लोगों को इसकी उपयोगिता के बारे में बताते हुए प्रचार प्रसार भी करते रहे हैं। कंप्यूटर प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके इसी कार्य के कारण शिक्षा की नगरी कोटा में राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन स्किल के महानिदेशक डॉ केपी सिंह द्वारा उन्हें एक्सीलेंस लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके इस उपलब्धि पर जहां संस्थान के छात्राओं ने सहित अध्यापकगणों में खुशी का माहौल दिखाई दिया, वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सभी लोगों ने खुशी प्रकट किया। संस्थान के सहयोगी विजय बरनवाल, शुभी पांडे, राकेश कुमार गोंड, मोनू वर्मा, प्रदीप चैरसिया, युसूफ अंसारी एवं संतोष वर्मा ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है।




दीपक वर्मा को सम्मानित करते अतिथिगण।

### अचानक गिरा बिजली का पोल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के रायपुर रोड पर स्थित पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के सामने लगा बिजली का पोल अचानक गिर गया जिससे लोग बाल बाल बच गए। पट्टी कस्बे के रायपुर रोड पर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मुख्य गेट पर लगे बिजली का पोल बृहस्पतिवार की सुबह 10:15 बजे के आसपास अचानक गिर गया। यह देख वहां पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल विद्युत कर्मियों को दी वह लोग मौके पर आकर पोल को रास्ते से हटाया। लोगों ने बताया है कि इसकी शिकायत विद्युत कर्मियों को की गई थी लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। जिससे आज बड़ी घटना होते-होते बच गया। संजोग ही था कि उधर से लोग उस समय नहीं आ रहे थे नहीं तो बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# मौनी अमावस्या पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर शुक्रवार को कालाकांकर के पवित्र गंगानदी मे भोर पहर से स्नार्थियों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगार्क पाप पुण्य के भागीदार बने। स्नार्थियों ने गंगा स्नान करने के बाद मां गंगा के घाट किनारे स्थिति ठाकुर जी महराज के साथ बूढ़े शिव लिंग मंदिर मे धुप दीप व मिष्ठान से पूजन अर्चन किया और मां गंगा से परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया।

गंगातट किनारे स्नार्थियों ने दान दक्षिणा भी भेट किया ठाकुर द्वारे मंदिर के पुजारी पंडित गिरजाशंकर त्रिपाठी को दान दक्षिणा अर्पण किया स्नान के दौरान कड़ाके की ठंड व पानी ठंडा की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगाने से पीछे नही हट रहे थे घाट किनारे महिला पुरुष सिपाही सुरक्षा मे लगे रहे। इसी क्रम में मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट किनारे भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने पवित्र गंगा नदी मे आस्था की डुबकी लगाई और मां गंगा के साथ घाट किनारे स्थिति शिव लिंग मंदिर व ठाकुर मंदिर के साथ दूधा धारी शिव लिंग मंदिर मे पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना किया। घाट किनारे एक दिन पहले ग्राम प्रधान पति सुरेश यादव ने साफ सफाई करा दिया जिससे गंदगी न रहे और श्रद्धालुओ को कोई परेशानी स्नान के दौरान न उठानी पड़े।

### कालाकांकर गंगातट किनारे कगार होने से स्नार्थियों को स्नान के दौरान हो रही थी परेशानी

### अमावस्या पर्व पर बाबा धाम समेत मन्दिरों में श्रद्धालुओं का हुआ समागम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी देखी गयी। वही पवित्र गंगा तट मानिकपुर से स्नान कर लौटे श्रद्धालुओं को भी देवाधि धाम में पुष्प अक्षत के साथ महादेव के पूजन अर्चन में रमे देखा गया। अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं ने दीप जलाये। प्रातःकाल हुई विशेष आरती में श्रद्धालुओं की सहभागिता भी उत्साहजनक बनी देखी गयी। पर्व को लेकर बाबा धाम में सुबह से ही पुलिस व प्रशासन को भी डटे देखा गया। वही अमावस्या पर्व पर बूढ़ेश्वरनाथ धाम तथा लालगंज नगर में हरिहरमंदिरम, हनुमत निकेतन में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में उत्साहित देखा गया। घरों में भी अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने अन्नदान कर भगवान को शीश झुकाये।

## 11 फरवरी से पटरी पर दौड़ेगी ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर प्रयागराज संगम से दिल्ली चंडीगढ़ तक अप डाउन करने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन 14217 अप व 14218 डाउन ट्रेन को रेल विभाग ने कोहरा के चलते दिसंबर 23 से फरवरी 24 तक तीन माह के लिए निरस्त कर दिया था। जब कि वही नौचंडी एक्सप्रेस ट्रेन को लम्बी दूरी तक यात्रियों को सफर कराने वाली ट्रेन को रेल विभाग ने नहीं निरस्त किया वही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन को प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी निरस्त कर दिया था अचानक मौसम परिवर्तन हो जाने व भाजपा नेता अजय अग्रवाल रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से यात्रियों की परेशानी व इकलौती ट्रेन को पटरी पर दौड़ाने के लिए अनुरोध किया जिस पर रेल मंत्री ने तत्काल निरस्त ट्रेन ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन को पटरी पर दौड़ाने का आदेश कर दिया जिस पर रेल विभाग ने 11 फरवरी से प्रयागराज संगम से 2 बजे चंडीगढ़ के लिए छूटेगी जो ऊंचाहार 3 बजकर 52 मिनट पर पंहुचेगी जिसके समय सारिणी मे रेल विभाग ने थोड़ा बदलाव किया है। उक्त ट्रेन के चल जाने से यात्रियों को जंहा सफर करने मे आराम मिलेगा वही रेलवे की आमदनी बढ़ जाने से इंकार नही किया जा सकता।

# नहर का पानी ओवरफ्लो होने से पचीस बीघा से अधिक फसल हुई जलमग्न

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर का पानी ओवरफ्लो होने से कई बीघे गेंहू की फसल जलमग्न हो गयी हैं। वही नहर का पानी गांव में कई लोगों के घरों तक पहुंच गया है। गजराही व घूरीपुर माइनर रजबहा का पानी ओवरफ्लो होने से विकासखण्ड लक्ष्मणपुर ब्लाक अन्तर्गत चमरूपुर शुक्लान ग्राम पंचायत के भिटवा, दीनापटटी आदि गांव के दर्जन भर से अधिक किसानों की फसल जलमग्न हो गयी। वहीं नहर का पानी कई लोगों के घरों के समीप तक पहुंच गया।



दीनापटटी इलाके में ओवरफ्लो नहर के चलते जलमग्न फसल।

किसानों ने शुक्रवार सुबह खेतों में नहर का पानी भरा देखा तो आवाक रह गये। किसानों का कहना है कि खेत में पानी भरने से गेंहू व सरसों तथा आलू की फसल खराब होने से की चिन्ता बन उठी है। गांव के रामअधार वर्मा, रामचंद्र मौर्य, बंशी लाल वर्मा, रामचंद्र वर्मा, सीताराम वर्मा, कन्हैयालाल वर्मा आदि किसानों की करीब पचीस बीघा से अधिक फसल जलमग्न हो गयी है। पीडित किसानों का कहना है कि नहर ओवरफ्लों होने से खेत में पानी भरने की तीन महीने में यह चैथी घटना है। पीडितो ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल व सिंचाई विभाग के एसडीओ से की है। एसडीओ राजेन्द्र कुमार का कहना है कि नहर के ओवरफ्लो होने से खेतो मे पानी भर जाने की जानकारी हुई हैं। समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा।

### रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट पर दर्ज हुआ क्रास केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना पर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कल्याणपुर गांव निवासी मोहित सरोज पुत्र चंद्रपाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छः फरवरी को सुबह करीब दस बजे रंजिश को लेकर गांव के शिवराज कोरी, रोहित गौतम, अजय कोरी, महेशचंद्र राव अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ दरवाजे पर पहुंचे और गाली देते हुए मारपीट किया व जानलेवा धमकी भी दी। वहीं विपक्षी संतोष गौतम पुत्र कन्धई गौतम ने भी पुलिस को तहरीर देकर गांव के मोहित सरोज व सोहित तथा तीन अज्ञात के खिलाफ लाठी डण्डे से मारपीट गालीगलौज व धमकी का आरोप लगाया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि जांच के बाद क्रास मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मौनी अमावस्या पर जिले के विभिन्न गंगा यमुना घाटों पर लाखों भक्तों ने लगाई डुबकी

## दान देने से ग्रह दोष खत्म हो जाते हैं, साथ ही मौन व्रत रखने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है

**कौशाम्बी।** मौनी अमावस्या के पर्व पर शुक्रवार को जिले के विभिन्न गंगा यमुना घाटों में स्नान करने वाले भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा सुबह से ही गंगा और यमुना नदी के विभिन्न घाटों में स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोताखोर और जल पुलिस भी गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर मौजूद रही मौनी अमावस्या के पर्व पर भगवान विष्णु की पूजा का विधान है मौनी अमावस्या के महत्व के बारे में शिवपुराण में उल्लेख किया गया है कहा जाता है इस दिन दान देने से ग्रह दोष खत्म हो जाते हैं, साथ ही मौन व्रत रखने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है.। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, मौनी अमावस्या तब मनाई जाती है जब माघ महीने के दौरान चंद्रमा और सूर्य मकर राशि में एक साथ आते हैं. मौनी अमावस्या के दिन चंद्रमा और सूर्य दोनों की संयुक्त ऊर्जा के प्रभाव से इस दिन का महत्व और भी अधिक हो जाता है. मकर राशि चक्र की दसवीं राशि है और कुंडली के दसवें घर में सूर्य मजबूत है जिले के कड़ा कुबरी घाट हब्बूनगर घाट संदीपन घाट पल्हना घाट बदनपुर घाट कुरई घाट




उजहनी घाट फतेहपुर घाट काकरा बाद आदि गंगा घाट में स्नान करने वाले भक्तों की सुबह से भीड़ लगी रही गंगा स्नान करने के बाद भक्तों ने गंगाजल दूध फल फूल मिष्ठान धूप दीप नैवेध और हवन कर शिवालय और मंदिरों में प्रभु की पूजा कर देश और परिवार के कल्याण की कामना की इसी तरह मौनी अमावस्या के पर्व पर यमुना नदी के विभिन्न घाटों पर यमुना नदी के पवित्र जल में स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही सुबह से ही यमुना के विभिन्न घाट महेवा घाट पभोषा घाट महिला घाट आदि यमुना के घाटों में हजारों भक्तों ने यमुना नदी के पवित्र जल में स्नान कर प्रभु की पूजा अर्चन की है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना पुलिस क्षेत्राधिकारी और उप जिला अधिकारी लगातार भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लेते रहे सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर गोताखोर और जल पुलिस भी लगाए गए थे जो लगातार निगरानी कर रहे थे कड़ा धाम के कुबरी घाट पर मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान कर रहे भक्तों को सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने गंगा की गहरे जल में स्नान न करने के प्रति जागरूक किया है एसडीएम और सीओ सिराथू द्वारा कड़ा के गंगा जी पर बने पांटून पुल एवं प्रतापगढ़ बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया है।

### मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**संदीपन घाट थाना पुलिस और गोताखोर रहे मुस्तैद**



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के पल्हना गंगा घाट पर मौनी अमावस्या के दिन हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई इस मौके पर मूरतगंज चौकी के हेड कांस्टेबल लाल बाबू और ऋषि अत्रि और गोताखोर मौजूद रहे। मौनी अमावस्या गंगा स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन व राजस्व ने कमर कस ली है पल्हना गंगा घाट पर शुक्रवार की सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं वा आम जनमानस की गंगा स्नान को ले कर भीड़ उमड़ पड़ी। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने कई जगह बैरियर व आम जनमानस की सुविधाओं वा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर क्षेत्राधिकारी ने जाकर घाट का निरीक्षण किया।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व सांसद को माला पहनाकर एवम बुके देकर किया स्वागत

**इस मौके पर काफी छात्र एवम छात्राये थी मौजूद**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत हाईवे स्थित सिद्धि विनायक डिफेंस अकादमी में फौजी प्रिंशु सिंह एवम डिफेंस अकादमी की प्रबंधक शीलू सिंह ने पूर्व सांसद एवम जनसत्ता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार को माला पहनाकर फूलो का गुलदस्ता भेंट किया आपको बता दे कि गुरुवार को नगर पालिका परिषद भरवारी हाईवे पर स्थित सिद्धि विनायक डिफेंस अकादमी का कॉलेज खुल हुआ है जिसमे सैकड़ों छात्र एवम छात्राओ को फौज में जाने की ट्रेनिंग की शिक्षा प्रदान की जाती है जिसमे दूर दूर से छात्र एवम छात्राओ को अनुभवी शिक्षको द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। गुरुवार को सिद्धि विनायक अकादमी की प्रबंधक एवम फर्म के निदेशक फौजी प्रिंशु सिंह द्वारा पूर्व सांसद एवम जनसत्ता दल के प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार को फूल माला पहनाकर एवम प्रबंधक शीलू सिंह द्वारा फूलो का गुलदस्ता भेट किया गया इस मौके पर छात्रओ द्वारा ताली बजाकर पूर्व सांसद का स्वागत किया गया तत्पचायस्त पूर्व सांसद द्वारा बच्चो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी इस मौके पर सिद्धि ग्रुप के संस्थापक सहित संजय केसरवानी शंकर लाल अग्रहरी नरेंद्र कुमार बहादुर सरोज एवम दर्जनों छात्र एवम छात्रा मौजूद थे '

### सड़क किनारे खड़े बृद्ध की बाइक की टक्कर से मौत

**दुकानदारों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से बाइक सवार का पता लगाने में जुटी पुलिस**



**महेवाघाट कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े एक बृद्ध व्यक्ति को टक्कर मार दिया है जिससे सड़क किनारे खड़े बृद्ध व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है हादसे में मौत की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बृद्ध को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव के रहने वाले चंद्रशेखर मौर्य उम्र 73 वर्ष पुत्र गयादीन किसी काम से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे गोराजू में रोड की तरफ आये थे स्प्लेंडर बाइक सवार चंपहा की तरफ से पश्चिम शरीरा गाड़ी लहराते हुए तेजी से जा रहा था। और दूसरी ओर गोराजू में सड़क किनारे खड़े चंद्रशेखर मौर्य को टक्कर मार दिया।जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी बुजुर्ग को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।और घटनास्थल से कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप व अन्य दुकानदारों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से बाइक सवार का पता लगाने में जुटी हुई है।

### साड़ के हमले से अधेड़ की मौत

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कोरियो गांव निवासी सुरेश सिंह उम्र 52 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह खेत की ओर गए थे मंदिर के पास अन्ना सांड ने उन पर हमला कर दिया है जिससे वह लहूलुहान हो गया और उनकी दर्दनाक मौत हो गई है मृतक पी डब्ल्यू डी में मेट के पद पर कार्यरत थे मौत की जानकारी मिलती ही मौके पर परिवार के साथ-साथ गांव के लोगों के भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टम्रटम के लिए भेज दिया है साड के हमले से मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# हल्द्वानी बवाल व ज्ञानव्यापी मामले के बाद प्रशासन व पुलिस जुमा नमाज को लेकर एलर्ट

**कौशाम्बी।** हल्द्वानी में हुए बवाल व ज्ञानव्यापी मामले के बाद प्रशासन व पुलिस जुमा की नमाज को लेकर एलर्ट मोड पर रहा भारी पुलिस फोर्स के साथ अधिकारियों ने भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लिया वही प्रयागराज जोन आईजी डीएम,एसपी भी जनपद के प्रमुख स्थान पर भ्रमणशील रहे कौशाम्बी जिला पुलिस विभाग शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के बाद हाई एलर्ट मोड में रहा। एसपी एएसपी, सर्किल अफसर सहित थाना एवम प्रशासनिक अफसर कस्बे की सड़क गली चौराहे पर भारी पुलिस फोर्स के साथ दिखाई पड़े। डीएम राजेश कुमार राय खुद एसपी बृजेश श्रीवास्तव के साथ प्रमुख संवेदनशील कस्बे में मोबाइल रहकर पुलिस की सक्रियता देखते रहे। डीएम एसपी ने भरवारी कस्बा के संभ्रांत नागरिकों से वार्ता कर स्थिति परिस्थिति का रुख भापते रहे।दरअसल में बनारस ज्ञानव्यापी मामला एवम हल्द्वानी में मदरसा गिराए जाने के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर यूपी होम डिपार्टमेंट व पुलिस मुखिया ने एलर्ट जारी कर रखा है। जिसके चलते प्रदेश के छोटे बड़े जिलों में पुलिस व प्रशासनिक अफसर नमाज के दौरान एक्टिव रहे। प्रयागराज रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दोपहर 12 बजे पूरामुफ्ती थाना



आईजी,डीएम,एसपी भारी पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण रहकर लिया हुआ स्थितियों का जायजा

क्षेत्र से होते हुए इमामगंज, मूरतगंज, भरवारी, मंझनपुर करारी, सराय अकिल, कड़ा धाम कस्बे में जा कर पुलिस की सक्रियता देखी। आईजी ने स्थानीय नागरिकों एवम धार्मिक गुरुओं से बातचीत कर जनपद कस्बा एवम समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की आईजी प्रयागराज रेंज ने बताया कि क्षेत्र का दौरा कर शांति व्यवस्था का जायजा उनके द्वारा लिया गया है। कही किसी प्रकार की अप्रिय व्यवस्था दिखाई नहीं पड़ी है। वह आम जनमानस से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते है। पुलिस की सक्रियता से आम जनमानस में सुरक्षा की भावना पैदा होती है।

### संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल ने किया पैदल गस्त

**कौशांबी।** जनपद में कानून, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु जुमे की नमाज एवं मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज, जिलाधिकारी कौशाम्बी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा जनपद के संवदेनशील क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया गया एवं लोगों से वार्ता कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों का व्यवस्थापन करते हुये ड्यूटी स्थान पर भेजा गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सहित समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त थानों पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के धार्मिक व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ड्यूटी/भ्रमणशील रहते हुए जनपद में शान्ति व्यवस्था स्थापित की गयी साथ ही जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गयी। थाना पुलिस के द्वारा लगातार हो रहे क्षेत्र भ्रमण से लोगों को शांति व्यवस्था का भरपूर एहसास हो रहा है।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पांचवां दिन संपन्न




**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा 09 फरवरी को पी एम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पांचवां दिन भी संपन्न किया गया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी प्रतिभागियों का एक दूसरे से परिचय कराया तथा पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा किये और इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षार्थियों को पी एम विश्वकर्मा से संबंधित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किये तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैंकों के बारे में तथा लोन के बारे मे तथा पी एम विश्वकर्मा में कितना स्टाइपेंड मिलेगा और कितना लोन मिलेगा और कितना ब्याज लगेगा सभी बैंक से संबंधित जानकारी दी गई उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी राजू शुक्ला सतीश प्रशिक्षिका श्रीमती रेखा देवी सुनीता देवी रूपा कुमारी आदि 37 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम से मिले सुशील जय हिंद




**कौशांबी** जिले के विभिन्न समस्याओं को लेकर जय जवान जय किसान मंच के अगुवा सुशील जयहिंद पूर्व प्रत्याशी विधानसभा चायल शुक्रवार को समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे और जनपद के जिलाधिकारी राजेश कुमार राय से मुलाकात कर जिले की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया और उनको बधाई दी कौशांबी जनपद का जिलाधिकारी बनने पर उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि आपका किसी भी कार्य को समय से पहले पूरा किया जाएगा।

# निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाए : डीएम

**डीएम ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों/फिनीशिंग कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के दिए निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने शुक्रवार को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज,कादीपुर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों/ फिनीशिंग कार्यों के प्रगति की विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अकेडमिक बिल्डिंग,लैब एवं लेच्चर थियेटर के फिनीशिंग कार्यो के निरीक्षण के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए और टीम बढाकर शेष रह गये फिनीशिंग कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य गेट निर्माण,ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य एवं सड़क निर्माण कार्यां के निरीक्षण के दौरान विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्ययोजना बनाकर निर्माण कार्यों में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी निरीक्षण में निर्माण कार्यो/फिनीशिंग कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेंगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन के0के0 श्रीवास्तव को नियमित निगरानी करते हुए निर्माण कार्यों/फिनीशिंग कार्यो को तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। परियोजना प्रबन्धक,निर्माण एजेन्सी वैस्कॉन सचिन महाडीक ने बताया कि अकेडमिक बिल्डिंग का ग्राउण्ड एवं प्रथम तल तथा गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल के शेष फिनीशिंग कार्यो को 20 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जायेंगा। उन्होंने बताया कि कुल 19 लिफ्ट लगाये जाने है,जिसमें 04 लिफ्ट लग गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लिफ्ट लगाये जाने की कार्यवाही में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन के0के0 श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### अजगर देख भयभीत हुए ग्रामीण

**चायल कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर ससुर खदेरी नदी के पास अजगर को देख कर ग्रामीण भयभीत हो गए मौके से कुछ दूर पर लोगों का मजमा लग गया और मामले की सूचना वन विभाग के साथ पुलिस को दी गई अजगर निकलने से लोगों में भय का माहौल देखने को मिला है मौके पर पहुंचे पिपरी इंस्पेक्टर हमराहियों संग व वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को अपने कब्जे में ले लिया है।

### समर्थ किसान पार्टी की पुरानी कार्यकारिणी भंग, नई कार्यकारणी की घोषणा जल्द

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने पार्टी की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन के लिए जल्द ही पार्टी की बैठक होगी उक्त जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

### वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**कौशांबी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ0नि0 विपिन कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 12/13 धारा 354/498 भादवि सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त राम सेवक उर्फ पाण्डेय पुत्र तुलसीराम सिंह नि० अमीना का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा जनपद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### हत्या का प्रयास करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 18/24 धारा 147/148/323/504/452/308/425 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त इन्द्रपाल पुत्र तुलस राम पासी नि० अमिरसा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### 268 फोन बीए बीएससी फर्स्ट और सेकंड ईयर के छात्रों को वितरण हुआ स्मार्टफोन






**कड़ा कौशाम्बी** एच. एम. अली मियां नदवी डिग्री कॉलेज मे शुक्रवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का योजना किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश निषाद मंडल अध्यक्ष वा भाजपा जिला पंचायत सदस्य रणविजय निषाद के हाथों से बीए बीएससी के छात्रों और छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया स्मार्टफोन पाते ही बच्चों के चेहरे पर खुशियां दिखी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान स्मार्टफोन की आवश्यकता है विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए भाजपा सरकार स्मार्टफोन बटवा रही है भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य रणविजय निषाद ने बच्चों को सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी एच. एम. अली नदवी डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर ने मोबाइल से पढ़ाई करने के बारे में बीए बीएससी के छात्र को बताया भाजपा नेता कमलेश निषाद ने लोकसभा के चुनाव को लेकर बच्चों से शपथ दिलवाई जिसमे की कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन डॉक्टर मुस्ताक डायरेक्टर मोहम्मद शाहिद वा कॉलेज प्रधान चार्य मोहम्मद साजिद आदि अध्यापक मौजूद रहे

### श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से बदलता है मनुष्य का जीवन



**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र की लक्ष्मीपुर ग्राम सभा में चल रहे श्रीमद् भागवत उत्सव के तीसरे दिन कथा व्यास परम् पूज्य धनञ्जय दास जी महाराज मालूकपीठ वृन्दावन ने कहा कि जाने अनजाने में मनुष्य से कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। कथा व्यास ने कहा कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। मानव को ज्ञानी बनाता है। वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। उन्होंने वाराह अवतार सहित अन्य प्रसंगों पर प्रवचन, भक्त नरसी मेहता के जन्म, उनकी श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति समेत कई प्रसंग सुनाए। कथा में मुख्य रूप से परम् पूज्य पुरसोत्तम दास जी महाराज अयोध्या धाम, आचार्य श्री सत्यनरायण जी उड़ीसा, आचार्य श्री सुनील जी संस्कृत विद्यालय, राम प्रकाश ओझा, राजु ओझा एडवोकेट, बद्री त्रिपाठी एडवोकेट सूर्य प्रकाश आदि मौजूद रहें।

# लाखों की एडवांस मजदूरी लेने वाले भट्ठा मजदूरों ने किया मुख्यालय में प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** दूसरे प्रांत से कौशाम्बी के ईट भट्ठा में मजदूरी करने वाले मजदूरों से बीते कई वर्ष से ईट भट्ठा मालिक परेशान हो चुके हैं ईद भट्ठा के पथाई भराई शुरू होने के पहले मजदूर और उनके ठेकेदार ईट भट्ठा मालिको से मजदूरी का रेट तय करके ठेके में एडवांस लाखों रुपए की रकम ले लेते हैं एडवांस मजदूरी की रकम लेने की यह प्रथा बीते चार दशक पूर्व शुरू हुई जो निरंतर चली जा रही है एडवांस मजदूरी लेने के बाद गए प्रांत से मजदूरी करने मजदूर ईट भट्ठा पर आते हैं उसके बाद जब भट्ठा मालिक एडवांस में दी गई रकम में कटौती करता है तो मजदूर और ठेकेदार भट्ठा मालिक के साथ ड्रामेबाजी शुरू कर देते हैं जिससे भट्ठा मालिक इन मजदूरों के आतंक से परेशान हैं एक मजदूर को गायब करने का आरोप ठेकेदार और मजदूरों ने लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है एसपी के निर्देश पर जब क्षेत्र अधिकारी और थाना पुलिस ने भट्ठा मजदूरों को टाइट किया तो बताया जाता है कि सागर नामक एक ईट भट्ठे में गायब युवक मजदूरी करते मिला है जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है प्रत्येक वर्ष जिले के कुछ भट्ठों में दूसरे प्रांत के मजदूर और ठेकेदारों का आतंक अत्याचार भट्ठा मालिकों पर होता है क्योंकि मजदूर गरीब दिखाई पड़ते हैं इसलिए अधिकारी और थाना पुलिस भी मजदूरों की बातों को पहले सुन लेती है जबकि सच्चाई यह है कि कई लाख रुपए भट्ठा मालिकों से एडवांस में लेकर ठेकेदार मजदूरों को भट्टे पर मजदूरी करने के लिए भेजता है इसी तरह का एक मामला शुक्रवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में देखने को मिला है छतरपुर जनपद के मजदूर कोखराज थाना क्षेत्र के थाना के पीछे स्थित ईट भट्ठा में मजदूरी करने आए हैं बताया जाता है कि भट्ठा मजदूर और ठेकेदारों ने लाखों रुपए की रकम भट्ठा मालिक से कई महीने पहले एडवांस में ले ली है जब भट्ठा मालिकों ने उनकी मजदूरी में एडवांस रुपए की कटौती शुरू कर दी तो ठेकेदार और मजदूरों ने ड्रामेबाजी शुरू कर दी कई दिन से मजदूरों के नाटक के बाद शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मजदूरों की भीड़ पहुंच गए और ईट भट्ठा मालिक पर मजदूरी न देने और मारपीट करने का आरोप लगाया है स्थिति इतनी बदतर की मजदूरी कर रहे लोगों ने भट्ठा मालिक पर एक मजदूर को गायब करने का भी आरोप लगा दिया है भट्ठा मजदूरों का कहना है कि कोखराज थाना में सूचना दिया गया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है इस संबंध में भट्ठा मालिक से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी है। भट्ठा मजदूरों के इस झूठ फरेब पर पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन कर थाना पुलिस और ईट भट्ठा मालिक पर आरोप लगाने वाले मजदूर और ठेकेदार साजिश रचने के गुनहगार साबित होंगे।



गैर प्रांत के भट्ठा मजदूर एडवांस लिए गए मजदूरी को अपना अधिकार समझने लगे हैं और मनमानी करने पर उतारू होते हैं

मजदूर गरीब दिखाई पड़ते हैं इसलिए अधिकारी और थाना पुलिस भी मजदूरों की बातों को पहले सुन लेती है

### रेलवे परिसर में लगे हाई वोल्टेज नंगी विद्युत तार और ट्रांसफार्मर हटाए जाने को लिखा पत्र

**भरवारी कौशाम्बी** भरवारी रेलवे स्टेशन पर निवास करने वाले रेलवे कर्मचारियों के आवास के ऊपर से 11000 की हाई वोल्टेज विद्युत की नंगी तार बिजली विभाग ने लगाई है जिससे रेलवे कर्मचारियों के जीवन पर खतरे मंडरा रहे हैं प्रभारी निरीक्षक चौकी रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे भरवारी ने उपमंडल अधिकारी विद्युत वितरण भरवारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि रेलवे परिसर के रेल कॉलोनी में निवासरत रेल कर्मचारियों की विद्युत से सुरक्षा की जाए और उनके आवास के ऊपर लगी 11000 हाई वोल्टेज की नंगी तार को आवास के ऊपर से हटाया जाए जिससे रेलवे कर्मचारी सुरक्षा महसूस कर सके विद्युत विभाग की लापरवाही इस कदर है कि रेलवे के मेन प्रवेश द्वार के पास ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है जिसमें हाई वोल्टेज 11000 की नंगी तारे लगाई गई है जिससे रेलवे में आने जाने वाले यात्रियों के जीवन पर खतरा बना रहा है प्रभारी निरीक्षक चौकी रेलवे सुरक्षा बल ने विद्युत विभाग को पत्र लिखते हुए मेन प्रवेश द्वार पर लगाए गए हाई वोल्टेज नंगी तार और ट्रांसफार्मर को हटाए जाने की मांग की है।

### पैतृक जमीन पर दबंगों ने जबरिया कराया बाउंड्री का निर्माण

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के ग्राम-मुजाहिदपुर जिल्लापर मजरा-पल्हाना उपरहार निवासी छोटे लाल पुत्र स्व० चिरौंजी लाल की भूमिधर आराजी संख्या-385 में लगभग 50 वर्ष पूर्व से 1 नीम का पेड़ और 2 कटहल के पेड़ लगे हुये हैं और इसी में परिवार के एक सदस्य गज्जू पटेल पुत्र स्व० सुन्दर पटेल की कब्रस्थान भी बनी है। जिसमें पूरब से पश्चिम की ओर से शीला पत्नी सुभाष और सुभाष, अर्जुन, शिवसागर पुत्रगण स्व० हीरा लाल निवासी जिल्लापर, मूरतगंज, पल्हाना उपरहार मूरतगंज ने लगभग 2 साल से जबरन बाउंडरी निर्माण करवा लिया इस प्रकार प्रार्थी एवं आदि लोगों की भूमिधरी जमीन आराजी संख्या 385मि को शीला पत्नी सुभाष और सुभाष, अर्जुन, शिवसागर पुत्रगण स्व० हीरा लाल ने जबरन कब्जा कर लिया है। इसके बाद जब प्रार्थी ने अपने परिवार के साथ अपनी अराजी संख्या-385मि को कब्जा करने के लिये गये तब उक्त लोगों ने झाड़ू उठाकर लड़ाई पर आमादा हो गये मामले की शिकायत अधिकारियों से की गई है।

## संपादक की कलम से

# राजस्थान के बजट में दिखा मोदी विजन

राजस्थान में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए भाजपा सरकार के पहले लेखा अनुदान (अंतरिम बजट) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन परिलक्षित हुआ है। यह बजट पूरी तरह से आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बनाया गया है। हालांकि अंतरिम बजट होने के कारण इसमें अधिक घोषणायें नहीं की गई है। फिर भी बजट में ऐसी अन्य को बातों को शामिल किया गया है जिसका असर सीधे आम लोगों पर पड़ता है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कई गारंटी दी थी। प्रधानमंत्री मोदी की बहुत सी गारंटीयों को इस बजट में शामिल किया गया है। अनुभव के हिसाब से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तमंत्री के रूप में पहला बजट पेश किया था। मगर जिस तरह से उन्होंने बजट भाषण पढ़ा उसमें पूरा आत्मविश्वास झलक रहा था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का यह पहला बजट था। इस कारण सरकार को चुनाव के दौरान किए गए लोक लुभावने वायदों को बजट में शामिल किया जाना बहुत जरूरी था। उसी को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने बजट में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, किसानों, व्यापारियों, धमार्चार्य को खुश करने के लिए बजट में कई तरह के प्रावधान किए हैं। प्रदेश में बुजुर्गों को अभी तक रोडवेज की बसों में 30 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी जिसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन को एक हजार रुपए से बढ़कर 1150 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने बजट में 70 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की घोषणा की है। इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा भर्ती कैलेंडर भी बनाने की बात कही गई है। राजस्थान में पिछली अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा मुद्दा भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली को लेकर था। गहलोत सरकार के कार्यकाल में 18 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा था। बाद में प्रशासनिक परीक्षाओं में भी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के परिजनों के चयन को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते आम जन में गहलोत सरकार की नकारात्मक छवि बनी थी।

इस बात को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार ने अपने पहले ही बजट में युवाओं को लुभाने के लिए एक साथ 70 हजार नयी भर्तियों की घोषणा की है। हालांकि भाजपा ने चुनाव से पहले राजस्थान लोक सेवा आयोग में आमूल चूल परिवर्तन करने की बात भी कही थी। मगर उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। भाजपा को पता है कि प्रदेश के युवा मतदाताओं की बदौलत ही उनकी सरकार बन पाई है। ऐसे में उन्हें अपने साथ जोड़े रखना बहुत जरूरी है।

संविदा पर काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिन, सहायिकाओं के साथ ही अन्य संविदा कर्मियों तथा पंचायती राज व नगरीय निकायों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को मिलने वाले मासिक भत्ते में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। प्रदेश में इसका बड़ा असर होगा तथा कई लाख लोगों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल पाएगा। अपने बजट भाषण के दौरान जब कांग्रेस नेता शांति धारीवाल बार–बार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को टोक रहे थे तो उन्होंने धारीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है। यहां पर महिलाएं भी बराबर की संख्या में है। उनके पास भी वोट की शक्ति है। इसी के चलते राज्य सरकार ने अपने अंतरिम बजट में महिलाओं के हित की कई योजनाओं की घोषणा कर उन पर पूरा फोकस रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक करोड़ नई लखपति दीदी बनाने की घोषणा की थी उसी की तर्ज पर राजस्थान के बजट में भी 5 लाख परिवार की महिलाओं को लखपति दीदी योजना में शामिल कर उनकी आय को एक लाख से अधिक बढ़ाया जाएगा। गरीब परिवारों में कन्या के जन्म पर एक लाख रुपए का सेविंग बांड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में प्रथम प्रसव पर 6 हजार रुपए दिए जाएंगे। जबकि अभी तक यह राशि पांच हजार थी। प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक–एक आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में महिलाओं के लिए हेल्प डेस्क बनेगी। सभी नारी निकेतनो में सीसीटीवी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे। किसानों के लिए भी बजट में कई घोषणाएं की गई है। पीएम किसान निधि में मिल रहे 6000 की राशि को बढ़ाकर 8000 रुपए प्रतिवर्ष किया गया है। इस तरह हर किसान को साल में 2000 रुपए का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसे आगे बढ़कर 12000 रुपए तक किया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे चालू वर्ष में 5 लाख गोपालक परिवारों को एक लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। करीबन 33 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## कर्म और धर्म ही से मनुष्य की सद्गति।

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है। जीवन में उतार–चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती है संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग–अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है।

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का इतिहासपरक मूल्यांकन

.अरविंद जयतिलक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान भारत राष्ट्र के जनमन को हर्षित और गौरान्वित करने वाला है। चैधरी चरण सिंह का सम्मान देश के उन करोडों किसानों और मजदूरों का सम्मान है जो कठिन परिश्रम और मेहनत से देश को पेट भरते हैं। मोदी सरकार बधाई की पात्र है कि उसने चैधरी चरण सिंह के साथ.साथ आर्थिक सुधार के सूत्रधाार पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का ऐलान किया है। मोदी सरकार समाजवादी पुरोधा जननायक कपूरी ठाकुर और देश के शीर्षस्थ नेता लालकृष्ण आडवानी को भी भारत रत्न दिए जाने का ऐलान कर चुकी है। नि:संदेह सरकार की पहल स्वागतयोग्य और सराहनीय है। किसानों के मसीहा चैधरी चरण सिंह का इतिहासपरक मूल्यांकन करें तो उनका राजनीति के विराट संसार में प्रवेश तब हुआ जब मोहनदास करमचंद गांधी ब्रिटिश पंजे से भारत को मुक्त कराने की जंग लड़ रहे थे। 1930 में गांधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान चरण सिंह हिंडन नदी पर नमक बनाकर उनका समर्थन किया। वे गांधी जी के साथ जेल की यात्रा की। दिल्ली से नजदीक गाजियाबादए हापूड़ए मेरठए मवाना और बुलंदशहर के आसपास क्रांति का बीज रोपा। गुप्त संगठन खड़ा कर ब्रितानी हुकुमत को चुनौती दी। इससे खौफजदा ब्रितानी ताकत उन्हें गोली मारने का फरमान सुनाया। लेकिन उनके इंकलाबी तेवर कमजोर नहीं पड़े। उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का संकल्प ठान लिया। उन्होंने डटकर ब्रितानी हुकुमत की चुनौतियों का आंलिगन किया। जनता के बीच सभा करते हुए एक दिन पकड़ लिए गए। राजबंदी के रुप में डेढ़ वर्ष की सजा हुई। किंतु इस सजा कालखंड का भी उन्होंने सदुपयोग किया। जेल में रहकर ष्शिष्टाचारष नामक ग्रंथ की रचना की जो भारतीय संस्कृति और समाज के शिष्टाचार के विविध पहलूओं का प्रकाश डालती है। चरण सिंह की अंग्रेजी भाषा पर गजब की पकड़ थी। उन्होंने ष्अबॉलिशन ऑफ जमींदारीष ष्लिजेंड प्रोपराइटरशिपष और ष्इंडिया पॉवरर्टी एंड इट्स सॉल्यूशनष नामक पुस्तकों का लेखन किया। आजादी के उपरांत वे किसानों के ताकतवर नेता बनकर उभरे और भारत के किसानों ने उनमें एक मसीहा की छवि देखी। उनकी छवि एक गंवई व्यक्ति की थी जो सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखता था। 1952 में उन्हें डा0 संपूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में राजस्व तथा कृषि विभाग का उत्तरदायित्व संभालने का मौका मिला। इस उत्तरदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। उनके द्वारा तैयार किया जमींदारी उन्मूलन विधेयक कल्याणकारी सिद्धांत की अवधारणा पर आधारित था। इस विधेयक के बदौलत ही 1 जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को उनका अधिकार मिला। लेखपाल पद के सृजन का श्रेय भी चैधरी चरण सिंह को ही जाता है। किसानों के इस मसीहा ने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 1960 में भूमि हदबंदी कानून को लागू कराने में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। आसमान छूती लोकप्रियता के दम पर वे 3 अप्रैल 1967 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने समाज व अर्थव्यवस्था के गुणसूत्र को बदलने का मन बना लिया। उन्होंने किसानोंए मजदूरों और हाषिए पर खड़े लोगों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए। कुटीर उद्योग के विकास की नीतियां बनायी। सामाजिक समानता की स्थापना के लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उस पर ही हमला बोला। उन्होंने एक शासकीय आदेश पारित किया कि ष्जो संस्थाएं किसी जाति विशेष के नाम से चल रही हैंए उनका शासकीय अनुदान बंद कर दिया जाएगा।ष इसका असर यह हुआ कि कालेजों के नाम के आगे से जातिसूचक शब्द हटा लिए गए। उनकी बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी उनके खिलाफ मुखर होने लगे। उन पर जातिवादीए दलित और अल्पसंख्यक विरोधी होने के आरोप चस्पा किया जाने लगा। 17 अप्रैल 1968 को वे मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिए लेकिन जनमानस के नायक बने रहे। किसानों में उनकी लोकप्रियता बढ़ती गयी। मध्यावधि चुनाव में वह ष्किसान राजाष के नारे के साथ मैदान में उतरे और विरोधियों पर शानदार जीत अर्जित की। 17 फरवरी 1970 को वे पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कृषि में आमूलचुल परिवर्तन का रोडमैप तैयार किया। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरकों से बिक्री कर हटा ली। सीलिंग से प्राप्त भूमि को गरीबों में वितरित किया। उनका मानना था कि ष्गरीबी से बचकर समृद्धि की ओर बढ़ने का एकमात्र मार्ग गांव और खेतों से होकर गुजरता है। गांवों के विकास की चिंता उन्हें बराबर कचोटती थी। इसीलिए उन्होंने आजादी के बाद ही 1949 में गांव और शहर के आधार पर आरक्षण की मांग उठायी। उनका कहना था कि चूंकि गांव शिक्षा और आर्थिक तौर पर शहरों से पिछड़े हैं इसलिए गांवों को सेवाओं में 50 फीसद आरक्षण मिलना चाहिए। चरण सिंह अपनी योग्यता और लोकप्रियता के दम पर केंद्र सरकार में गृहमंत्री बने। पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के लिए मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे वित्तमंत्री और उपप्रधानमंत्री बने और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ;नाबार्डद्ध की स्थापना की। 28 जुलाईए 1979 को वे देश के प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने कहा था कि ष्देश के नेताओं को याद रखना चाहिए कि इससे अधिक देशभक्तिपूर्ण उद्देश्य नहीं हो सकता कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा भूखे पेट नहीं सोएगाए किसी भी परिवार को अपने अगले दिन की रोटी की चिंता नहीं होगी तथा कुपोषण के कारण किसी भी भारतीय के भविष्य और उसकी क्षमताओं के विकास को अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा।ष किंतु देश का दुर्भाग्य कि उन्हें यह सपना पूरा करने का मौका नहीं मिला। वह प्रध नमंत्री के पद पर कुछ ही दिन रहे। इंदिरा गांधी ने बिना बताए ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। दरअसल इसका कारण यह रहा कि इंदिरा गांधी पर जनता पार्टी की सरकार ने कई मुकदमें लगा रखे थे। वह चाहती थी कि चैधरी साहब समर्थन के एवज में उन मुकदमों को हटाने का भरोसा दें। लेकिन चैधरी साहब को यह मंजूर नहीं था। उन्होंने सौदेबाजी को खूंटी पर टांग प्रधानमंत्री पद को ठोकर लगाना बेहतर समझा। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी ईमानदार और सिद्धांतवादी राजनेता की छवि को खंडित नहीं होने दी। चैधरी साहब देश व समाज के प्रति संवेदनशील थे। उनमें राष्ट्रभक्ति व समाजभक्ति थी। उनका सामाजिक.राजनीतिक अवदान दबे.कुचले वंचितोंए शोषितों एवं पीड़ितों की चेतना को मुखरित करने के लिए याद किया जाएगा। चैधरी साहब को समझने के लिए तत्कालीन सामाजिक.राजनीतिक व्यवस्था की बुनावटए उसकी स्वीकृतियांए विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के खिलाफ तन कर खड़ा होने और उसे बदलने के एवज में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को नजदीक से सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता.सिंहासन का अनवरत विरासत। एकमात्र चरित्र और राजनीतिक विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है और साथ ही सामाजिक अन्याय से मुठभेड़ का माद्दा भी। चैधरी चरण सिंह इसमें सफल रहे। हाशिए पर खड़े लोगों में राजनीतिक चेतना का संचार किया और समाज में असमानता पैदा करने वाली परंपराओं और मूल्यों पर जमकर हमला बोला। वे एक राजनेता से कहीं ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। देश के राजनीतिक दलों और राजनेताओं को उनके राजनीतिक आदर्शों और जनसरोकारों से सीख लेनी चाहिए।


# देश की श्वेत–श्याम राजनीति के सदके


@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

मौनी अमावस्या पर भी देश हम जैसे लेखकों को मौन नहीं रहने देता, क्योंकि देश में हर दिन कुछ न कुछ नया होता रहता है। कभी हल्द्वानी में कर्फ्यू लगता है तो कभी नोएडा की सीमाओं पर किसानों का डेरा जम जाता है। लेकिन बेफिक्र रहिये ! आज मै इन विषयों पर आपसे कोई संवाद नहीं करूंगा। आज मै राजनीति के श्वेत–श्याम युग पर बात कर रहा हूँ। देश में एक युग श्वेत–श्याम फिल्मों का हुआ करता था, फिल्मों ने समय के साथ अपने आपको बदला। फिल्में ईस्टमैन कलर की हो गयीं, लेकिन हमारी राजनीति आजादी के आठवें दशक बाद भी श्वेत–श्याम में उलझी हुई है।

देश में पहली बार हुआ है कि किसी सरकार ने बिना मांगे विपक्ष के बारे में श्वेत पात्र जारी किया है। उस विपक्ष के बारे में ये श्वेत–पत्र है जिसकी सरकार एक दशक पहले काल कवलित हो चुकी है। अतीत में हमेशा विपक्ष सरकार से उसके काले –सफेद कारनामों को लेकर श्वेत–पत्र लाने की मांग करता था, क्योंकि विपक्ष को भरोसा होता था की सरकार के श्वेत–पत्र में कुछ तो सच्चाई सामने आएगी। लेकिन इस बार राजनीति की गंगा एकदम उलटी बहा दी गयी। सरकार ने बिना मांगे विपक्ष की स्वर्गीय सरकार के बारे में श्वेत –पत्र जारी कर दिया। मजबूरन विपक्ष को सरकार के कामकाज के बारे में श्याम–पत्र यानि काला–पत्र जारी करना पड़ा।

कायदे से चुनावी साल में सत्तापक्ष अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए अपना रिपोर्ट –कार्ड जारी करता आया है, किन्तु जब गिनाने के लिए कोई उपलब्धि हो ही न तो सरकार को भी विपक्ष के नाम श्वेत–पत्र जारी करना पड़ा। सरकार चाहती तो अपनी उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड फिल्मों की तरह ईस्टमैन कलर में भी जारी कर सकती थी। फूजी कलर का इस्तेमाल भी एक विकल्प था। नहीं किया ये भी ठीक किया, अन्यथा रिपोर्ट कार्ड में सरकार को अपनी वादा खिलाफियों का जिक्र करने में





मुश्किल होती। सरकार के पास देश के मुकुट–मणि जम्मू–कश्मीर को तोड़ने का कलंक लगा हुआ है, वहां पांच साल बाद भी चुनाव न करने की तोहमत लगी हुई है। मणिपुर को जलाने का कलंक लगा हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं को पालतू बनाने का कलंक लगा हुआ है। विपक्ष को खंड –खंड करने का कलंक लगा हुआ है।

मुझे खुशी इस बात की है कि सरकार ने विपक्ष द्वारा जारी श्याम पात्र को अपने लिए शुभ काला टीका मान लिया है। सरकार को लगता है कि विपक्ष के श्याम –पत्र की वजह से अब उसकी उपलब्धियों को नजर नहीं लगेगी। यानि राजनीति में अब एक–दूसरे की नजर भी लगने लगी है। नजर प्राय: खूबसूरत चीजों को लगती है और हमारी राजनीति खूबसूरत नहीं बल्कि विद्रूप बदसूरत हो चुकी है। यूं भी नजर लगना, नजर उतारना पोंगा–पंथ है। हमारे घरों में नजर लगने और नजर उतरने के टोटके सदियों से हो रहे हैं। अब राजनीति भी इसकी जद में आ गयी है। आये भी क्यों नहीं ? आखिर सरकार चल ही टोटकों के सहारे हैं। लेकिन कमाल ये है की सरकार का हर टोटका कामयाब हो रहा है और विपक्ष के टोटके बेअसर दिखाई दे रहे हैं। आपको याद रखना चाहिए नजर या तो जूते–चप्पल से या लाल मिर्च से या फिर झाड़ू से उतारी जाती है। फिल्में हों या राजनीति उन्हें श्वेत–श्याम युग से बाहर निकलना आसान काम नहीं होता। सब कुछ मुमकिन है के लिए मशहूर किये जा रहे हमारे नेतागण भी ये कठिन काम करने में कामयाब नहीं हुए। पूरा देश और दुनिया सरकार के सिर पर रखी उपलब्धियों की आधी भरी गगरी को छलकते हुए देख रहा है। अध जल गगरी, छलकत जाये इसी तरह के अवसरों के लिए गढ़ी गयी कहावत है। एक कहावत और है कि मुट्ठक चना, बाजे घना, सरकार की मुठ्ठी में जो थोड़ी सी उपलब्धियां हैं भी उन्हें जोर –शोर से बजाया तो जा रहा है लेकिन उनका राम नाम सत्य है होता दिखाई दे रहा है।

कलियुग में रामराज की ये तस्वीर बड़ी मनोहर है। उसमें कर्फ्यूग्रस्त हल्द्वानी है। किसानों से घिरी दिल्ली है। जलता मणिपुर है, राम=राम जपता उत्तर प्रदेश है। सड़कों पर न्याय माँगता बिखरा विपक्ष है। सरकार की कोशिशों से कहते हैं कि 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आ गए लेकिन इसके बावजूद 80 करोड़ की ऐसी आबादी अभी भी है जो सरकार के रहमो–करम पर दो जून की रोटी खा रही है। इस आंकड़े में कोई तब्दीली नहीं हुई। और हो भी नहीं सकती, क्योंकि ये नामुमकिन काम है। आप चंद्रयान बना और भेज सकते है। आप सूरज की आँखों में आँखें डालने की कोशिश कर सकते हैं, किन्तु 80 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर नहीं बना सकते, क्योंकि आपके पास ऐसा करने कोई योजना ही नहीं है।

खुशी की बात ये है कि हमारी लोकप्रिय सरकार अपने जन्म के 44वें साल में होने वाले आम चुनाव में राम–राम कहते हुए उतर रही है। कहते हैं न तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार, उदासी मन काहे को भरे ? कलिकाल में राम का नाम ही सबसे बड़ा आधार होगा ऐसा जब बाबा तुलसीदास ने लिखा, तब हमें यकीन नहीं हुआ था, किन्तु अब हम ऐसा होते देख रहे हैं। हम बाबा तुलसीदास की जय बोलना चाहते हैं। वे दूरदृष्टा थे। वे भीख मांगकर जिंदा रहने और मस्जिद में सोने का हौसला रखते थे, लेकिन आज सत्ता प्रतिष्ठान के पास तो ये हौसला भी हुईं है। सत्ता प्रतिष्ठान दिल्ली हो या हल्द्वानी सभी जगह मस्जिदें गिराकर राम को खुश करने में लगी है। आज की अयोध्या यानि कल के फैजाबाद में 32 साल पहले मस्जिदे गिराने का जो अभियान शुरू किया गया था,? वो निरंतर जारी है। गनीमत है की विपक्ष के श्याम पत्र में ये बात नहीं लिखी की यदि तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनी तो ये देश कांग्रेस विहीन हो न, हो किन्तु मस्जिद विहीन अवश्य हो जाएगा। आप मानें या न मानें किन्तु ये विचित्र सत्य है कि मै तमाम महत्वाकांक्षाओं से दूर आ चुका हों, लेकिन अपवाद है कि मेरी इच्छा है कि इस देश में श्वेत–श्याम सियासत का युग खत्म हो। राजनीति में नए रंग शामिल हो। नफरत और मुहब्बत की दुकानें खोलने की जरूरत न पड़े। सब काम भाई–चारे के साथ चलता रहे। ऐसा होगा या नहीं ये राम जी ही जानें ! राम राज में तो ऐसा मुमकिन था। एक धोबी को भी अभिव्यक्ति की आजादी थी। उसे राष्ट्रद्रोह नहीं माना जाता था। उसे किसी की व्यक्तिगत अवमानना भी नहीं माना जाता था। उस गरीब की टीप पर भी एक्शन लिया जाता था। लेकिन आज के राम राज में ईडी हो या सीबीआई एक नयन है केवल विपक्ष के नेता और व्यापारी उसे नजर आता है। भगवाधारी एक भी नहीं दिखा और न शायद भविष्य में दिखेगा। जय सियाराम।

# स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से दालों का महत्व

–ललित गर्ग –

पर्यावरण–संरक्षण, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास एवं खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये हर साल 10 फरवरी का दिन दुनियाभर में विश्व दलहन दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका मकसद लोगों को दालों के फायदे और महत्व के बारे में बताना होता है। दालें, जिनमें दाल, छोले, बीन्स और मटर शामिल हैं, जो प्रोटीन से लेकर फाइबर, आयरन जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों के साथ विटामिन्स और मिनरल्स का भी खजाना होती हैं। दालें सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में भी खानपान का जरूरी हिस्सा हैं। शाकाहारी जीवनशैली के लिए तो दालें ही प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। कम वसा वाले और कम सोडियम वाले इस ऑप्शन को डाइट में शामिल कर न केवल असाध्य बीमारियों से लड़ा जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण के संकट से भी बचा जा सकता है। इस साल 2024 में विश्व दलहन दिवस की थीम ह्लदालें : पौष्टिक मिट्टी और लोगोंह्व रखी गई है। इस थीम का मतलब स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ लोगों की कुंजी के रूप में दालों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

विश्व स्तर पर दलहन की उपयोगिता एवं प्रासंगिता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 20 दिसंबर 2013 को अंतर्राष्ट्रीय दलहन दिवस मानने का निर्णय लिया गया, जो पहली बार साल 2016 में मनाया गया था। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 फरवरी 2019 को विश्व दाल दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ के सामने इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दालों का उत्पादन बढ़ाकर दुनिया में गरीब कुपोषित देशों को पोषक तत्वों से भरपूर खाना उपलब्ध करवाना था क्योंकि दालों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। दालें न केवल पोषक हैं, वे विश्व की भूख और गरीबी को मिटाने की दिशा में स्थायी खाद्य प्रणालियों के विकास में भी योगभूत हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह सतत विकास के लिए अपने 2030 एजेंडा को हासिल करने के लिए एक प्रभावी रणनीति है, जिसका उद्देश्य वैश्विक शांति को मजबूत करना और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है। मांसाहार पर्यावरण के सम्मुख एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, क्योंकि एक किलो दाल के उत्पादन के लिए 1250 लीटर पानी की जरूरत होती है, जबकि एक किलो बीफ के लिए 13,000 लीटर की जरूरत होती है।


देश–विदेश में भी दालों का प्रचलन एवं महत्व कम नहीं है, लेकिन परम्परागत भारतीय भोजन में पौष्टिकता के कारण दालों का विशेष महत्व है। 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी ने दलहन क्रांति की कवायद शुरू कर दी। सरकार ने दालों के घरेलू उत्पादन बढ़ाने के उपाय सुझाने हेतु सुब्रमण्यम समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लंबे समय से भारतीय खेती में अन्य अनाजों की तुलना में दालों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है। महंगी दालों ने आम आदमी की थाली से दाल को तकरीबन दूर ही कर दिया था, लेकिन मोदी की कोशिशों से अब आम आदमी की थाली में दालें भरपूर मात्रा आ गई हैं। मोदी सरकार द्वारा दलहनी फसलों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के प्रयासों का ही नतीजा है कि 2015–16 में जहां 163 लाख टन दालों का उत्पादन हुआ था, वहीं दो साल बाद 2017–18 में यह बढ़कर 239.5 लाख टन हो गया। इससे दालों का आयात तेजी से कम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दालों के महत्व को देखते हुए इसके उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिये अभियान चला रखा है। दाल रोटी खाओ–प्रभु के गुण गाओ लोकोक्ति से स्पष्ट है कि दालें सम्पूर्ण भोजन के रूप में हमारी जीवन संस्कृति एवं समृद्ध खानपान में शामिल रही हैं। इतना ही नहीं, देश के अलग–अलग भू–भागों में दालों की विभिन्नताओं के साथ–साथ उनके उपयोग की भी विशिष्ट प्रकृति रही है। जबकि भारतीय खेती की बदहाली की एक बड़ी वजह एकांगी कृषि विकास नीतियां रही हैं। वोट बैंक की राजनीति के कारण सरकारों ने गेहूं, धान, गन्ना, कपास जैसी चुनिंदा फसलों के अलावा दूसरी फसलों पर ध्यान ही नहीं दिया। इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव दलहनी व तिलहनी फसलों पर पड़ा। घरेलू उत्पादन में बढ़ोत्तरी न होने का नतीजा यह हुआ कि दालों व खाद्य तेल का आयात तेजी से बढ़ा। दाले भारतीय भोजन की थाली का सौन्दर्य एवं स्वाद रही है। न केवल भारत बल्कि दुनिया भर की सांस्कृतिक परंपराओं और व्यंजनों में दालें गहराई से अंतर्निहित हैं। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उड़द व छोले, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार व बंगाल में अरहर तथा महाराष्ट्र एवं दक्षिणी राज्यों में मसूर दाल का इस्तेमाल विभिन्न व्यंजनों में किया जाता है। दालों का उपयोग विभिन्न रूपों में समूचे देश में होता है। देश भर में उत्पादित होने वाली दालों में 44.51 फीसदी हिस्सा चने का है। वहीं अरहर 16.84 प्रतिशत, उड़द 14.1 प्रतिशत, मूंग 7.96 प्रतिशत, मसूर 6.38 प्रतिशत तथा शेष दालों की 10.18 फीसदी पैदावार होती है। इसके बावजूद हमारे आहार में दालों की उपलब्धता कम होना विचारणीय है।

# मौनी अमावस्या में लाखों ने की कामदगिरि की परिक्रमा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** माघ माह की मौनी अमावस्या मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की। प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

शुक्रवार को तीर्थक्षेत्र में माघ माह की मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या में भगवान श्रीराम चित्रकूट में वास करते हैं। जो भी श्रद्धालु आज के दिन मंदाकिनी में स्नान करता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। उसे मोक्ष मिलता है। श्रद्धालु स्नान कर कामदगिरि व मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी करते हैं।



रामघाट में डुबकी लगाते श्रद्धालु।

पुजारी मोहित महराज ने बताया कि चित्रकूट में दो ही अमावस्या खास हैं। पहली दीपावली व दूसरी मौनी अमावस्या के दिन तुलसीदास जी को भगवान श्रीराम के दर्शन हुए थे। संत कहते हैं कि मौनी अमावस्या के दिन भगवान स्वयं यहां स्नान करने आते हैं। तुलसीदास जी को जब भगवान के कहीं दर्शन नहीं हुए तो बनारस में हनुमान जी ने बताया था कि चित्रकूट में अमावस्या के दिन ही दर्शन होंगे।

तोते के रूप में हनुमान जी का अवतार संत व ऋषि मुनि मानते हैं कि माघ माह की मौनी अमावस्या में चित्रकूट में जो मंदाकिनी में स्नान करता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। अमावस्या स्नान करने की विधि है। जो राम नाम के जाप से अमावस्या में स्नान करते हैं, उन्हें भगवान व संतों के दर्शन हो रहे हैं। हनुमान जी का कलयुग में अवतार तोते के रूप में हुआ, वह भी अमावस्या के दिन।

## ब्लास्टिंग से मजदूर की गई जान, हादसे की रची कहानी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भरतकूप क्रेशर नगरी में अवैध ब्लास्टिंग से मजदूरों की जान जा रही है। मजदूर की जान जाने पर स्थानीय पुलिस से मिलीभगत कर मनगढ़ंत कहानी बनाकर हादसे का रूप दिया जा रहा है।

शुक्रवार को अवैध ब्लास्टिंग से मजदूर की जान जाने का खुलासा हुआ। बताया गया कि भरतकूप थाना क्षेत्र में पहाड़ में अवैध ब्लास्टिंग व अवैध खनन को लेकर मजदूरों की जान जाने का ये नया मामला नहीं है। खदानों में काम करने वाले कई मजदूरों ने जान गवां दी है। खनिज माफिया कभी नहीं फंसे। ज्यादातर घटनायें हादसे में तब्दील कर दी जाती हैं।



मर्चरी में रखा मजदूर का शव।

ऐसी ही एक घटना 1078 भौंरा पहाड में गुरुवार को सवेरे आठ बजे हुई। मजदूर ब्लास्टिंग कर रहा था। टूटे पत्थर की चपेट में आने से आजमगढ़ निवासी मजदूर हरेन्द्र की जान चली गई। मजदूर की जान अवैध ब्लास्टिंग से न बताकर ट्रक की चपेट में आने से बताई जा रही है। घटना स्थल पर लोडर चालक मजदूर का शव लेकर पहुंचा तो हड़कंप मच गया। खदान मालिक ने पुलिस से साठगांठ कर मृतक के शव को हादसे का रुप दे डाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।



फल बांटती पुलिस।

## पुलिस ने श्रद्धालुओं को बांटे फल


अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीतापुर चौकी पुलिस प्रत्येक अमावस्या में श्रद्धालुओं के साथ अभिनव प्रयोग करती है। पिछली अमावस्या में श्रद्धालुओं को पुलिस ने लाई के लड्डू बांटे थे तो इस बार मौनी अमावस्या में श्रद्धालुओं को पुलिस ने फल बांटे हैं। शुक्रवार को मौनी अमावस्या मेले में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने पुलिस बल के साथ अमावस्या मेले में आये श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को निमोर्ही अखाड़ा में फल बांटे। पुलिस ने कहा कि वे मानवीय कर्तव्य निभा रहे हैं। पुलिस के श्रद्धालुओं को फल बांटने को लेकर लोगों ने कहा कि पुलिस का चेहरा दिन-प्रतिदिन बदलता जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं में पुलिस के प्रति भरोसा बढा है।

## परेड में और लायें सुधारः एसपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।



परेड का निरीक्षण करते एसपी।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परेड निरीक्षण दौरान कर्मचारियों का टर्न आउट देखा। परेड ग्राउंड में मौजूद टोलियों की ड्रिल देखी। उन्होंने आवश्यक सुधार के प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देश दिये। इस दौरान सीओ लाइन/कार्यालय/ट्राफिक राजकमल व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## 25 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविंद पांडेय ने पप्पू प्रसाद पुत्र रघुनंदन निवासी दराई को 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अरविंद पांडेय, सिपाही शुभम मिश्रा शामिल रहे।

## एसपी के निर्देश पर पांच पर गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पहाडी थानाध्यक्ष श्यामप्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले पांच लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में खलबली मची है। शुक्रवार को पहाडी थानाध्यक्ष श्यामप्रताप पटेल ने क्षेत्र में लोगों को धमकाकर अवैध वसूली करने वाले पप्पू कुर्मी पुत्र गोविन्द कुर्मी निवासी नोनार, बंशी यादव पुत्र राजकुमार निवासी पहाड़ी, चन्द्रशेखर यादव पुत्र चन्द्रभान, मुन्नीलाल पुत्र रामऔतार निवासी बारामाफी व लवसिंह उर्फ रामनरेश पुत्र वासुदेव पटेल निवासी परसौंजा के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# श्रम अधिकारी समेत विधायक ने सदन में की सवालों की बौछार

### विधायक ने सवालों से सरकार को घेरा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने नियम 51 के तहत सदन में श्रम विभाग की लूट व जांच में दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने के मामले को उठाया। सदन में कहा कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी के भ्रष्टाचार में लिप्तता की शिकायत की थी। अपर श्रमायुक्त व आयुक्त श्रम विभाग ने जांच कर अधिकारी को सम्बद्ध कर मामले की इतिश्री कर दी।

शुक्रवार को विधायक अनिल प्रधान ने सदन में कहा कि जिलाधिकारी से शिकायत पर सीडीओ ने जांच में सहायक श्रमायुक्त व श्रम प्रवर्तन अधिकरी को दोषी पाया था। जिलाधिकारी ने 23 सितम्बर 2023 को सहायक श्रमायुक्त व श्रम प्रवर्तन अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही को श्रमायुक्त कानपुर व प्रमुख सचिव श्रम को पत्र भेजा था। सदन में संसदीय राज्यमंत्री ने बताया कि पुनः जांच के आदेश दिये हैं। 15 दिन में शासन को रिपोर्ट मिलेगी, उस पर कार्यवाही होगी।



सदन में सवाल करते विधायक अनिल प्रधान।

विधायक अनिल प्रधान ने होमगार्डों बाबत प्रश्न उठाया। कलेक्ट्रेट, प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा, बैंक, चैराहे, रात्रि में गश्त आदि में जिम्मेदारी निभाते है। अब होमगार्डों को आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग सरकार दिलाने जा रही है। न्यायालय के निर्देश पर 2019 में होमगार्डों का दैनिक मानदेय छह सौ रुपये हुआ था। न्यायालय ने इन्हें पुलिस कर्मियों की भांति मानदेय देने को कहा था।

विधायक ने सदन में खाद्यान्न वितरण में पात्रों के अंगूठा किसी कारणवश वेरीफाई न होने पर ऐसे लोगों को खाद्यान्न वितरण को सरकार ने क्या योजना बनायी है? प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश को केन्द्रीय/राजकीय विद्यालय की भांति श्रमिकों के बच्चों को प्रदेश देने का मुद्दा उठाया। विधायक ने जिले में श्मशान घाटों की समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लोग मजबूरी में खेतों में ही परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। भारतपुर तरांव, बनकट, अशोह, सरधुवा, भैसौंधा, देवकली, शिवरामपुर, पहाड़ी, गढीघाट, घुरेटनपुर आदि गांवों में श्मशान घाट पंचायती राज विभाग से बनवाये जायें। विद्युतीकरण से छूटे सभी मजरों में विद्युतीकरण कराने का सदन में मुद्दा उठाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों व सर्जन के दलालों से दवा के नाम पर मरीजों से हो रही अवैध वसूली बाबत जिलाधिकारी व सीएमओ को पत्र से अवगत कराया।

# मौनी अमावस्या पर निःशुल्क लगा होम्योपैथिक शिविर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे की सरकार के आयुष विभाग निदेशक होम्योपैथी व जिलाधिकारी तथा सीडीओ के निर्देश पर मौनी अमावस्या पर्व पर पुरानी कोतवाली कर्वी के सामने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगा। शुक्रवार को आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर मे आये तीर्थयात्रियों को निःशुल्क परामर्श, होम्योपैथिक औषधि व कोविड किट बांटी। प्रयोग से होने वाले लाभ व दुष्प्रभाव रहित होने की जानकारी दी। शिविर में सर्दी-




शिविर से लाभ उठाते मरीज।

जुकाम, गठिया, कमर दर्द, एसिडिटी, चर्मरोग आदि बीमारियों से पीड़ित 365 रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर में डा राजेश कुमार, डा प्रभू सिंह, बद्री प्रसाद, अजय सिंह आदि ने सेवा कार्य किया। ये जानकारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा दिलीप सिंह ने दी।

# 13-14 को होगा बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव

### पत्रकारों से बात करने की नहीं समझी जरूरत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के मैदान में 13 व 14 फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। महोत्सव में विशेष प्रस्तुति स्वाती मिश्रा देंगी।

शुक्रवार को पर्यटन विभाग की ओर से जारी पोस्टर में कहा गया कि 13-14 फरवरी को चित्रकूट इंटर कालेज परिसर में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। 13 फरवरी को कोल्हाई जनजाति लोक नृत्य सुश्री बूटी देवी पेश करेंगी। बनारस की लोकप्रिय नृत्यांगना सुश्री वागिशा सिंह व लोकप्रिय गायक दीपक त्रिपाठी लखनऊ की प्रस्तुति होंगी।

14 फरवरी को राई नृत्य व गायन झांसी के निशान्त भदौरिया, नमामि शमम सुश्री सुरभि लखनऊ व लोकप्रिय गायन सुश्री मोहनी द्विवेदी पेश करेंगी। सबसे ज्यादा आकर्षण संगीत पार्टी स्वाती मिश्रा की धूम मचायेगी। इस बाबत पर्यटन विभाग के पास करोडों रुपये पर्यटन विकास को आये हैं। इसके बाद भी पर्यटन विभाग ने बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव कार्यक्रम कराने का पोस्टर तो सूचना विभाग की ओर से जारी करा दिया है, लेकिन इस बाबत पत्रकारों से बात करने की पर्यटन विभाग ने जरूरत नहीं समझी। पर्यटन विभाग की पत्रकारों के प्रति उपेक्षा के चलते ये कार्यक्रम फ्लाप होने के पूरे आसार हैं।

# औपचारिकता की भेंट चढा अतिक्रमण हटाओ अभियान

### किसी भी दुकानदार की सीढियां-चबूतरा नहीं तोडा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में जगह-जगह लोगों के दुकानें सडक तक बढाने को लेकर चला अतिक्रमण अभियान औपचारिकता की भेंट चढ गया। ये अभियान सिर्फ नौटंकी तक सीमित रहा। लोगों ने फिर से उसी तरह से सडक पर अवैध कब्जे कर लिये हैं।

शुक्रवार को एसडीएम सदर सौरभ यादव की अगुवाई में ईओ लालजी यादव व नायब



अतिक्रमण हटाओ अभियान में मौजूद एसडीएम आदि।

तहसीलदार मंगल यादव ने अतिक्रमण हटाओ अभियान नगर पालिका की टीम के साथ चलाया। ये अभियान बस स्टैण्ड व हाईवे किनारे की दुकानों के आगे अतिक्रमण को लेकर चलाया गया। अभियान के नाम पर अधिकारियों ने सिर्फ औपचारिकता निभाई है। किसी भी दुकानदार को कोई क्षति नहीं पहुंची। दुकानदार अतिक्रमण हटाने की अधिकारियों के सामने नौटंकी करते रहे। अधिकारियों के जाते ही दुकानदारों ने फिर से सडक तक अतिक्रमण कर लिया है।

जिला मुख्यालय में अतिक्रमणकारियों का इस कदर आतंक है कि वे हाईवे तक में कब्जा किये हैं। तमाम दुकानदारों ने हाईवे की जमीन पर सीढियां व चबूतरे तथा टीनशेड बढा रखे हैं। किसी भी दुकानदार की सीढियां, चबूतरे व टीनशेड को अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगे अधिकारियों ने नहीं हटवाया। इससे अभियान सिर्फ औपचारिकता तक सिमट गया है।

## एससी-एसटी की जमीनों पर दबंगों के कब्जे, दबंगों ने की किसान की पिटाई

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के डोडामाफी, टिकरिया व जमुनिहाई गांव में क्षेत्र के कानूनगो व लेखपाल जितेंद्र कुमार गुप्ता ने खड़ी फसल में गलत गाटा संख्या की नाप कर दी। क्षेत्रीय किसान नंदकिशोर त्रिपाठी पुत्र स्व महेश प्रसाद त्रिपाठी ने विरोध जताते हुए कहा कि गाटा संख्या आठ की जगह दस की नाप कर रहे हैं, जबकि गाटा संख्या दस की जमीन उसके रिश्तेदारों की है, जिसकी वह देखरेख करता है। इस बात का खुलासा गुरुवार को हुआ। बताया गया कि कानूनगो से किसान की बात हो रही थी कि दबंग हिस्ट्रीशीटर मानिकपुर तहसील के तीन लोग उस पर टूट पडे। लात-घूसों से पिटाई कर गाली-गलौज किया। गांव के कुछ लोगों ने उसे बचाया। मानिकपुर तहसील के कई गांवों की एससी-एसटी की जमीनों पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। टिकरिया जमुनिहाई गांव के पीड़ित नंदकिशोर त्रिपाठी ने मारकुंडी थानाध्यक्ष को तहरीर दी। थानाध्यक्ष तहरीर की बारीकी से जांच कर रहे हैं। एससी-एसटी की जमीनों पर दबंगों के अवैध कब्जे पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। मानिकपुर एसडीएम रामजन्म यादव व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश पर जमीनी मामलों में ऐसे लोगों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्यवाही अमल में लायें।

# पीएम के अपमान को लेकर भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपाइयों का आक्रोश आज फूट पडा। भाजपाइयों ने सैकडों की तादाद में एकत्र होकर धनुष चैराहे पर नारेबाजी कर राहुल गांधी का पुतला फूंका।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के धनुष चौराहे पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, महामंत्री आलोक पाण्डेय समेत सैकडों भाजपाई एकत्र हुए। भाजपाइयों ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। पुतला फूंकने के दौरान भाजपाई नारेबाजी कर रहे थे कि प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेंगे-नहीं सहेंगे। कांग्रेस की



नारेबाजी करते भाजपाई।

तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी- आदि नारेबाजी करते हुए भाजपाइयों ने धनुष चैराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। पुतला फूंकने में खासतौर से भाजपा नेता/डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, हीरो मिश्रा, भागवत त्रिपाठी समेत सैकडों भाजपाई मौजूद रहे।

# 12 से मोदी की उपलब्धियां जनता को बतायेगा किसान मोर्चा: लवकुश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा किसान मोर्चा ने ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत पीएम मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में दस सालों में देश की जनता के लिए कल्याणकारी कार्य हुए।

शुक्रवार को लोनिवि डाक बंगले में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी पत्रकारों से रुबरु हुए। बताया कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति, वंचित-पिछडे तक पहुंचना भाजपा का चुनावी वायदा नहीं, एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल




पत्रकारों से बात करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

जीवन मिशन, आयुष्मान भारत जैसी योजनायें इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अन्त्योदय की सरकार को समर्पित है। मोदी सरकार योजनाओं-उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की गरज से किसान मोर्चा 12 फरवरी से रामनगर गांव से परिक्रमा यात्रा शुरू कर रही है। यात्रा का शुभारम्भ गौ, हल, ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों के पूजन से होगा। यात्रा से गांव में किसान, मजदूर, चैपाल लगाकर दस वर्षों में मोदी सरकार के किसान हितैषी, गारंटेड योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। डोर टू डोर अभियान चलेगा।

यात्रा प्रत्येक जिले में प्रतिदिन पांच गांव में जाएगी। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि देश में चार प्रमुख वर्ग हैं। गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसानों को केन्द्र में रखने वाली तमाम योजनाओं व नीतियों को लागू किया है। पत्रकार वार्ता में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भारत रंग महोत्सव के लिए नेपाल से 'क्लेश' नाटक का चयन, 17 फरवरी को होगा मंचन

**काठमांडू।** नई दिल्ली, वाराणसी, श्रीनगर समेत भारत के 15 शहरों में 01 से 21 फरवरी तक चलने वाले भारत रंग महोत्सव में नेपाल से भी एक नाटक का चयन किया गया है। क्लेश नामक इस नाटक का मंचन 17 फरवरी को शाम 06 बजे से नई दिल्ली के एलटीजी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह नाटक डेढ़ घंटे का है। महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के तत्वावधान में किया गया है।



भारत रंग महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अपने पहले ही नाटक का चयन होने से निर्देशक विजया कार्की बहुत ही उत्साहित हैं। इन दिनों काठमांडू में अपने नाटक के रिहर्सल में व्यस्त कार्की ने कहा कि पहले ही प्रयास में भारत रंग महोत्सव में चयन होना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस नाटक में काम कर रहे कई कलाकार भी ऐसे हैं जो पहली बार फिल्मों के अलावा रंगमंच पर प्रस्तुति देंगे। क्लेश नाटक की लेखिका प्रतीक्षा कट्टेल हैं।

उन्होंने भी पहली बार ही किसी नाटक के लिए यह पटकथा तैयार किया है। प्रतीक्षा बताती हैं कि रामायण के कथा की मूल भावना को आज के सामाजिक परिवेश में दिखाया गया है। कथा के विषय वस्तु को पूरी प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत किया गया है। शायद यही कारण है कि इसका चयन इस प्रतिष्ठित नाट्य महोत्सव में हुआ है।

नेपाली फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुरक्षा पंत ने इस नाटक में प्रमुख भूमिका निभाई है। अपने पहले ही प्रयास में नाटक का विश्वस्तरीय महोत्सव में चयन होने को वो ना सिर्फ अपने लिए बल्कि नेपाल के लिए भी गर्व की बात बताती हैं।

इन दिनों रिहर्सल में व्यस्त सुरक्षा पंत कहती हैं कि इस नाटक में रोल करने से पहले उन्हें काफी डर लग रहा था कि वो कर पाएंगी या नहीं, पर सबकुछ इतना अच्छा हो गया कि उनके लिए यह किसी सपने से कम नहीं है।

# वसंत त्योहार की छुट्टियों में चीन आने-जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़




**बीजिंग।** चीन में वसंत त्योहार की छुट्टियां शुरू हो गयी हैं। तमाम लोगों ने गृहनगर लौटने या विदेशों का पर्यटन करने की योजना बनाई। अनुमान है कि छुट्टियों के दौरान देश भर के बंदरगाहों में आने-जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ होगी। चीनी राष्ट्रीय आप्रवासन प्रशासन का अनुमान है कि वसंत त्योहार की छुट्टियों में प्रति दिन सीमा शुल्क से गुजरने वाले लोगों की औसत संख्या 18 लाख पहुंचेगी, जो पिछले साल के वसंत त्योहार की छुट्टियों के करीब 3.3 गुना ज्यादा है और वर्ष 2019 की संख्या के बराबर होगी।

चीन और कजाकस्तान के जंक्शन पर स्थित शिनच्यांग होर्गोस राजमार्ग बंदरगाह के जरिए चीन लौटने वाले लोगों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। विदेशों में व्यापार करने, पर्यटन करने, पढ़ाई करने और परिजनों से मिलने वाले लोग क्रमशः गृहनगर वापस आकर वसंत त्योहार की खुशियां मनाने लगे हैं।

वहीं, आजकल शांगहाई के फूतोंग हवाई अड्डे पर यात्रियों की भीड़ है। प्रवेश और निकास करने वालों की औसत दैनिक संख्या 80 हजार से अधिक है। अनुमान है कि 8 फरवरी को यात्रियों की भारी भीड़ होगी।

शानतोंग प्रांत के छिंगताओ में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ चुकी है। अनुमान है कि वसंत त्योहार की छुट्टियों के दौरान छिंगताओ के च्याओतोंग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रवेश और निकास करने वालों की औसत दैनिक संख्या 10 हजार तक पहुंचेगी, जो पिछले साल की इसी अवधि की 10 गुना होगी।

## यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध करने वाले नेता को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं

**मॉस्को।** यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध करने वाले रूसी राजनेता को आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की अनुमति नहीं दी गई है। यह फैसला बृहस्पतिवार को रूस के मुख्य चुनाव प्राधिकरण ने सुनाया।

मॉस्को के पास एक कस्बे के स्थानीय विधायक बोरिस नादेजदीन को कानून के अनुसार उम्मीदवारी के समर्थन में कम से कम 100,000 हस्ताक्षर इकट्ठा करने की आवश्यकता थी।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने नादेजदीन के अभियान द्वारा प्रस्तुत 9,000 से अधिक हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित कर दिया। 60 वर्षीय नादेजदीन ने खुले तौर पर यूक्रेन में संघर्ष को रोकने और पश्चिम के साथ बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है।

नादेजदीन ने गुरुवार को चुनाव अधिकारियों से निर्णय स्थगित करने और उन्हें अधिक समय देने के लिए कहा, लेकिन इससे इनकार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वह अपनी अयोग्यता को अदालत में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि यहां मैं नहीं खड़ा हूं, बल्कि वह सभी रूसी नागरिक मेरे पीछे हैं जिन्होंने मेरे लिए हस्ताक्षर किए थे।

# पाकिस्तान के आम चुनाव के रुझानों में इमरान की पार्टी समर्थित 154 उम्मीदवार आगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में धांधली के आरोपों और छिटपुट हिंसा के बीच गुरुवार को हुए आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को बढ़त मिलती दिख रही है। मुल्क में नेशनल असेंबली की 336 सीटों में से 266 पर मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर के हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद एक सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था। नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 163 के रुझानों में पीटीआई समर्थित 154 उम्मीदवार आगे चल रहे हैं।


पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने मतदान संपन्न होने के 10 घंटे से अधिक समय बाद शुक्रवार देररात चुनावी परिणाम की घोषणा शुरू की। अभी मतगणना जारी है। अब तक जिन बड़े नेताओं ने जीत हासिल की है, उनमें पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ, शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहजाद और शरीफ की बेटी मरियम नवाज शामिल हैं। आयोग के अनुसार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री



इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के नेता गौहर अली खान और असद कैसर ने भी जीत हासिल की। पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी और उनके बेटे बिलावल भी अपनी-अपनी सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं।

चुनाव में मुख्य मुकाबला इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है। 71 वर्षीय खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उम्मीदवार निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने उनकी पार्टी के चुनाव चिह्न क्रिकेट का ह्यबल्लाह्ल से वंचित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा था। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी।

## ट्रिब्यूनल ने ब्रिटिश भारतीय के डेलॉइट में उसके साथ नस्लीय भेदभाव के दावे को खारिज किया




**लंदन।** ब्रिटेन के एक रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय मूल की एक कर्मचारी के दावे को खारिज कर दिया है कि एक सहकर्मी द्वारा उसकी तुलना एक मूल अमेरिकी महिला के जीवन पर आधारित डिज्नी चरित्र पोकाहोंटस से करने के बाद डेलॉइट में उसे नस्लवाद का शिकार होना पड़ा।

द टेलीग्राफ अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शिवाली पटेल, जिन्हें मार्च 2019 में डेलॉइट के डिजिटल डिवीजन में एक वरिष्ठ सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था, ने अपने सहयोगी बेन कॉम्ब्स के खिलाफ आरोप लगाए थे जो कंपनी के निदेशक थे।

लंदन में हाल की सुनवाई में ट्रिब्यूनल को बताया गया कि सितंबर 2021 में एक स्थानीय ब्रूडॉग पब में एक "टीम ड्रिंक्स" कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां कॉम्ब्स और पटेल मौजूद थे।

पटेल ने दावा किया कि एक बातचीत के दौरान, कॉम्ब्स ने अपनी पत्नी के बारे में एक "असुविधाजनक" टिप्पणी की जिसमें उन्होंने कहा कि वह पोकाहोंटस की तरह दिखती हैं। डेली की रिपोर्ट के अनुसार, पटेल को लगा कि इस टिप्पणी में "नस्लीय" और "यौन" तत्व था, जिसमें वह उनकी तुलना अपनी पत्नी और बाद में पोकाहोंटस से कर रहे थे।

पटेल ने ट्रिब्यूनल को बताया, "मैं एक भारतीय महिला हूं। संकेत यह था कि उसकी पत्नी पोकाहोंटस जैसी दिखती थी, संकेत यह था कि मुझमें उसकी पत्नी जैसी समानताएं थीं और वह किसी तरह से मुझमें दिलचस्पी रखता था।"

पटेल ने कहा, "अगर उसकी पत्नी एक कोकेशियान महिला है और डिजनीफाइड संस्करण में पोकाहोंटस सांवली है और कुछ हद तक मेरे जैसी दिखती है, तो संकेत यह है कि मैं उसकी पत्नी की तरह दिखती हूं जो सांवली है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिका पर कम भरोसे के कारण, भारत ने रूस से बढ़ाई नजदीकी : निक्की हेली

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी के लिए दावेदारी कर रही निक्की हेली ने अमेरिकी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है लेकिन कम भरोसे के कारण वह अपनी जरूरतों के लिए वह रूस से निकटता बनाए हुए है। भारतीय मूल की भाविनी पटेल और क्रिस्टल कौल भी अमेरिकी राजनीति में सक्रिय होते देखा जा सकता है।

रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के लिए निक्की हेली पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने डटकर खड़ी हैं। हालांकि आयोवा, न्यू हैंपशायर की पराजय के बाद नेवादा में भी शर्मनाक हार के बाद उन्होंने अपना ध्यान अब कैलिफोर्निया प्राइमरी के लिए केंद्रित कर दिया है। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी में प्रत्याशी के लिए जो बाइडन के सामने कोई खास नहीं चुनौती हैं, लेकिन रिपब्लिंकन पार्टी में घमासान है।




नेवादा में हेली को तगड़ा झटका लगा है, लेकिन उन्होंने कहा है कि वह दौड़ से हटने वाली नहीं हैं। लॉस एंजिलिस में उन्होंने इंडोर रैली में अपने समर्थकों से कहा कि वह कहीं नहीं जा रहीं। हेली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत बेहतर समन्वय से रूस से संबंध बनाए हुए है।

उन्होंने कहा कि मेरी पीएम नरेन्द्र मोदी से बात हुई है। भारत अमेरिका का साझेदार बनना चाहता है न कि रूस का। वहीं, ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा कि नेवादा प्राइमरी चुनाव को नजरअंदाज कर दीजिए, जनता ने हेली को शर्मनाक हार का मजा चखा दिया है। दूसरी ओर, डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ से लेखिका व अध्यात्मिक गुरु मैरिएन विलियमसन हट गई हैं। उन्होंने बुधवार को इसका एलान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि मैं प्रत्याशी बनने के लिए जो बाइडन को चुनौती दूं या सम्मानपूर्वक दौड़ से बाहर हो जाऊं। लेकिन मैंने अभियान रोकने का निश्चय कर लिया है। इस प्रकार बाइडन के सामने अब ज्ञात दावेदारों में केवल डील फिलिप्स बचे हैं।

इंडिया ऑन व्हील्स नाम से फूड ट्रक संचालित करने में अपनी मां की मदद करने वाली भारतवंशी भाविनी पटेल प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रही हैं। गुजराती मूल की 30 वर्षीया भाविनी पेन्सिलवेनिया के 12वें क्रांगेसनल डिस्ट्रक्ट से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए दावा पेश कर रही हैं। भाविनी ने अपने अभियान के दौरान 3,10,000 डॉलर चंदा जुटाए हैं।

इसी प्रकार एक और भारतवंशी क्रिस्टल कौल वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल जिले से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। यह चुनाव लड़ने वाली वह पहली कश्मीरी महिला हैं। उन्होंने अभियान के दौरान 5,67,000 डालर चंदा जुटाए हैं। वह एक पूर्व अमेरिकी सेना अधिकारी और विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ हैं।

## अमेरिका पर कम सुनामी प्रभावित जापान के फुकुशिमा न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट से रेडियो एक्टिव पानी का रिसाव



**टोक्यो।** जापान के सुनामी प्रभावित फुकुशिमा-दाइची फुकुशिमा न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट से रेडियो एक्टिव पानी का रिसाव हो रहा है। हालांकि इससे किसी के हताहत नहीं हुआ है। यह जानकारी प्लांट के अधिकारियों ने दी। रेडिएशन (विकिरण) की निगरानी से पता चला कि इस रिसाव का बाहरी वातावरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

संयंत्र का संचालन करने वाली टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स ने बताया कि दूषित पानी से मुख्य रूप से सीजियम और स्ट्रोंशियम को हटाने के लिए डिजाइन की गई शोधन मशीन ह्यसेरीह्ल में वाल्व की जांच के दौरान बुधवार सुबह एक कर्मचारी को इस रिसाव का पता चला। इसने कहा कि मशीन को रखरखाव कार्य के लिए बंद रखा गया है। कंपनी ने कहा कि लगभग 5.5 मीट्रिक टन रेडियोधर्मी पानी का रिसाव हुआ है, लेकिन रेडियोधर्मी पानी संयंत्र परिसर से बाहर नहीं निकल सका है। इसने कहा कि रिसाव हुआ पानी कानूनी तौर पर छोड़े जाने योग्य सीमा से 10 गुना अधिक रेडियोधर्मी था।

कंपनी के प्रवक्ता केनिचि तकाहरा ने कहा कि रिसाव हुए पानी को पूरी तरह साफ किया गया है और इसके संपर्क में आई मिट्टी को भी हटाया जा रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि मशीन में रिसाव कब शुरू हुआ, लेकिन कंपनी ने कहा कि मंगलवार को निरीक्षण में कोई समस्या नहीं पाई गई थी।